# CONTENTS

**Fifteenth Series, Vol.III, Second Session, 2009/1931 (Saka)**
**No.20, Wednesday, July 29, 2009/ Sravana 7, 1931 (Saka)**


| SUBJECT | PAGES |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| * Starred Question Nos. 361 to 363 | 3-36 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 364 to 380 | 37-78 |
| Unstarred Question Nos. 3384 to 3613 | 79-516 |


* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 517-524

**REPORT ON THE PARTICIPATION OF INDIAN PARLIAMENTARY DELEGATION IN THE 120TH ASSEMBLY OF THE INTER-PARLIAMENTARY UNION (IPU)** 525

**MATTERS UNDER RULE 377** 526-542

(i) Need to expedite completion of the Koodankulam Nuclear Power Plant in Tamil Nadu

Shri S.S. Ramasubbu 526-527

(ii) Need to provide special financial package for overall development of Hoshiarpur Parliamentary Constituency in Punjab

Shrimati Santosh Chowdhary 528

(iii) Need to provide protection against the damage caused to crops by 'Neel Gai' in Faizabad, Barabanki and other adjoining districts in Uttar Pradesh

Dr. Nirmal Khatri 529

(iv) Need to bring professional approach in the functioning of Doordarshan and All India Radio

Shri K.P. Dhanapalan 530

(v) Need to overcome the shortage of power in the country

Shri N.S.V Chitthan 531

(vi) Need to check the emission of Gases and pollution caused by chemical manufacturing units in Ujjain district of Madhya Pradesh posing grave threat to human life and environment

Shri Premchand Guddu 532

(vii) Need to shift the Divisional Office of Central Railway from Mumbai to Nagpur

Shri Vilas Muttemwar 533

(viii) Need to regularize and provide essential basic facilities in colonies of North East Delhi Parliamentary Constituency

Shri Jai Prakash Agarwal 534

(ix) Need to check the difference in prices of common generic medicines sold through different brand names by various drug manufacturing companies

Shri Ganesh Singh 535

(x) Need to accord special status to Rajasthan under Accelerated Irrigation Benefit Programme

Shri Ram Singh Kaswan 536

(xi) Need for four-laning of N.H.-92

Shri Ashok Argal 537

(xii) Need to shift Veerawada Railway Station to Gambhoi in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat

Shri Mahendrasinh P. Chauhan 537

(xiii) Need to construct Railway Over Bridges in district Chandauli, Uttar Pradesh

Shri Ramkishun 538

(xiv) Need to provide special financial assistance to the farmers in drought-hit Balia and Deoria districts of Uttar Pradesh

Shri Ramashankar Rajbhar 539

(xv) Need to expedite the construction of railway bridge on river Kosi in district Supaul, Bihar

Shri Vishwa Mohan kumar 539

(xvi) Need to set up a Bench of Supreme Court in Chennai, Tamil Nadu

Shri D. Venugopal 540

(xvii) Need to expedite release of incentive fund under the Accelerated Power Development and Reforms Programme to Orissa

Shri B. Mahtab 541

(xviii) Need to stop the construction of a dam across river Palar in Andhra Pradesh

Shri S. Semmalai 542

(xix) Need to regularize the services of Extra-Departmental employees of Postal Department and extend the benefits of Sixth Central Pay Commission to them

Shri Inder Singh Namdhari 542

**RE:** RISE IN PRICES OF ESSENTIAL COMMODITIES 543-546

**SUBMISSION BY MEMBER**

Regarding commissioning of Gas Based Power Project at Dadri, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh 547-553

**DISCUSSION UNDER RULE 193**

Issues arising out of Prime Minister's recent visit to foreign countries 554-609

Shri Yashwant Sinha 554-568

| | |
|---|---|
| Shri P.C. Chacko | 569-576 |
| Shri Mulayam Singh Yadav | 577-582 |
| Shri Sharad Yadav | 583-590 |
| Dr. Manmohan Singh | 591-606 |
| Shrimati Sushma Swaraj | 605 |
| Shri Basu Deb Acharia | 607-609 |

**ANNEXURE –I**

| | |
|---|---|
| Member-wise Index to Starred Questions | 619 |
| Member-wise Index to Unstarred Questions | 620-623 |

**ANNEXURE-II**

| | |
|---|---|
| Ministry-wise Index to Starred Questions | 624 |
| Ministry-wise Index to Unstarred Questions | 625-626 |

# OFFICERS OF LOK SABHA

**THE SPEAKER**

Shrimati Meira Kumar

**THE DEPUTY SPEAKER**

Shri Karia Munda

**PANEL OF CHAIRMEN**

Shri Basu Deb Acharia

Shri P.C. Chacko

Shrimati Sumitra Mahajan

Shri Inder Singh Namdhari

Shri Franciso Cosme Sardinha

Shri Arjun Charan Sethi

Dr. Raghuvansh Prasad Singh

Dr. M. Thambidurai

Shri Beni Prasad Verma

Dr. Girija Vyas

**SECRETARY GENERAL**

Shri P.D.T. Achary

**LOK SABHA DEBATES**

---

---

LOK SABHA

---

Wednesday, July 29, 2009/ Sravana 7, 1931 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[MADAM SPEAKER in the Chair]

**श्री मुलायम सिंह यादव :** अध्यक्ष महोदया, आप हमारी बात सुनने की कृपा करें। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** मुलायम सिंह, आप कृपया बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** आज पूरे उत्तर भारत में बिजली का संकट है। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** प्रश्न काल चलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** गाजियाबाद में वर्ष 2003 में 7,350 मेगावाट बिजली की योजना की स्थापना की गयी, उसका शिलान्यास किया, लेकिन वहां बिजली नहीं बन पा रही है। वहां केंद्र सरकार गैस क्यों नहीं दे रही है? पेट्रोलियम मंत्री गैस नहीं दे रहे हैं। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** प्रश्न काल चलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** ...(व्यवधान) जब हाई कोर्ट से जीत गए ...(व्यवधान) यह दूसरा मामला है। ...(व्यवधान) भारत सरकार ने कोई पैरवी नहीं की। जब सुप्रीम कोर्ट मामला गया, ...(व्यवधान) ... सरकार अंडगा लगा रही है। दो मंत्रालयों के बीच के झगड़े से एनटीपीसी को तीस हजार करोड़ रूपए का घाटा होने जा रहा है ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** मुलायम सिंह जी, कृपया प्रश्न काल चलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** यह बड़ा गंभीर सवाल है कि सुप्रीम कोर्ट में जाकर यह पैरवी कर रहे हैं। इस बात के लिए हम कहेंगे ...(व्यवधान) माननीय जोशी जी, यह गंभीर मामला है। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** कृपया बैठ जाइए।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** बहुत घाटा हो रहा है। ...(व्यवधान) इससे पूरी दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लिए बिजली की आपूर्ति हो जाती। आखिर गैस क्यों नहीं दी जा रही है? ...(व्यवधान) चाहे कोई उद्योगपति हो ...(व्यवधान) क्या उत्तर प्रदेश में अंधेरा बना रहे, उत्तर प्रदेश में कोई उद्योगपति आने न पाए? ...(व्यवधान) सरकार यहां बताए कि गैस क्यों नहीं दी जा रही है? इससे 7,350 मेगावाट बिजली पैदा होगी। पेट्रोलियम मिनिस्टर स्थिति स्पष्ट करें।...(व्यवधान)

**(Q. No. 361)**

**श्री एकनाथ महादेव गायकवाड :** महोदया, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आज युद्धस्तर पर काम करने की आवश्यकता है। हमें अपने किसानों को जलवायु परिवर्तन के खतरे से बचाना होगा अन्यथा हमारी कृषि आधारित अर्थव्यवस्था चौपट हो जाएगी।

महोदया, आपके माध्यम से मेरा माननीय मंत्री महोदय से प्रश्न है कि ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन को कम करने के लिए क्या आप प्रदूषण मानकों को और अधिक सख्त बनायेंगे और राष्ट्रीय कार्य योजना का ब्यौरा क्या है? ...(व्यवधान)

**श्री शैलेन्द्र कुमार:** महोदया, यह बहुत गंभीर मामला है। ...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** कृपया प्रश्न काल चलने दीजिए।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Hon. Minister, kindly give the reply.

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam Speaker, last year in June of 2008, the Government of India announced a National Action Plan on Climate Change and the National Action Plan on Climate Change had different components. It had eight different missions and 24 critical initiatives for making India adapt to climate change. Five of these missions relate to adaptation to climate change and two of these missions relate to mitigating greenhouse gases, of which carbon dioxide is the most important. … (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** प्रश्न काल चलने दीजिए।

...(व्यवधान)

SHRI JAIRAM RAMESH: These missions are being implemented. The President's Address has said that these missions will be finalised and implementation thereof will start by the end of 2009. … (*Interruptions*)

**श्री एकनाथ महादेव गायकवाड :** अध्यक्ष महोदया, लॉ कमीशन ने वर्ष 2003, में अपनी 176वीं रिपोर्ट में पर्यावरण कोर्ट बनाने की सिफारिश की थी। मेरा मंत्री महोदय से प्रश्न है कि क्या सरकार ने पर्यावरण कोर्ट स्थापित करने का निर्णय ले लिया है? यदि हां, तो क्या ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन करने वालों को इस कोर्ट के दायरे में लाया जाएगा? ...(व्यवधान)

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam Speaker, just last week the Union Cabinet approved the Bill to set up a National Green Tribunal to deal with cases relating to environment and forests. We are in the process of introducing this Bill in the Parliament in this Session itself. … (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** कृपया प्रश्न काल चलने दीजिए।

…(व्यवधान)

SHRI JAIRAM RAMESH: This National Green Tribunal is based on the recommendations of the Law Commission and it is through this National Green Tribunal that substantial cases of environment arising out of the implementation of various laws relating to environment and forests will be adjudicated. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Only what the Minister is saying will go on record.

*(Interruptions) ...* *

SHRI JAIRAM RAMESH: I urge the hon. Member to await introduction of this Bill. After this Bill is introduced, it will go to the concerned Standing Committee. We hope that by the Winter Session of this Parliament, the National Green Tribunal will come into being.

**अध्यक्ष महोदया :** अभी प्रश्न काल चलने दीजिए। हमने आपकी बात सुन ली है।

…(व्यवधान)

**श्री भास्कररराव बापूराव पाटील खतगांवकर :** अध्यक्ष महोदया, मंत्री महोदय ने प्रश्न के 'ड' भाग का उत्तर नहीं दिया है। प्रश्न के 'ड' भाग में पूछा गया है कि सरकार द्वारा ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन के मानदंडों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई? मुझे इसका उत्तर नहीं मिला है।

मेरा दूसरा प्रश्न है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप एक ही प्रश्न पूछिए।

**श्री भास्कररराव बापूराव पाटील खतगांवकर :** महोदया, उसका पूरक प्रश्न है।

**अध्यक्ष महोदया :** ठीक है, पूछिए।

…(व्यवधान)

---

*Not recorded.

**श्री भास्करराव बापूराव पाटील खतगांवकर :** महोदया, अभी मैंने प्रश्न नहीं पूछा है, सिर्फ प्रश्न के उत्तर में जो कमी है, वह बताई है।...(व्यवधान)

क्लाइमेट चेंज अर्थात् जलवायु परिवर्तन दुनिया के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप बढ़ रहा है। इन सब आपदाओं का प्रमुख कारण ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन है। मीडिया रिपोर्ट में यह कहा गया है कि हाल ही में इटली में सम्पन्न हुई जी-8 राष्ट्रों की बैठक में भारत ने ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने के लिए सहमति दी है। क्या यह सच है? मेरा प्रश्न है कि यदि भारत ने इस प्रकार की सहमति दी है तो हम किस सीमा तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाएंगे एवं इसका भारत की अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

SHRI JAIRAM RAMESH : Madam Speaker, in response to the first Question of the hon. Member, we do not have any laws, as of now, that control the emissions of Green House Gases (GHG) most notably Carbon-di-Oxide. There is no question of violation. As and when, this issue gets discussed over the next few years, we can consider imposing caps on the emissions. But, as of now, the policy of the Government of India is not to agree to any limits or any caps on the emissions of Carbon-di-Oxide, which accounts for about 65 per cent of the GHG emissions.

Now, as far as the second part of the Question is concerned, it is true that at the G-8 meeting held in L'Aquila in Italy, a statement was issued. This meeting was attended by our hon. Prime Minister. There was an aspirational goal, which is mentioned in this statement that all the countries -- that were represented at the forum -- aspire to limit the increase in the global temperature by 2°C by the year 2050. It is not a target, and it is not an operational objective. It is an aspirational goal. But you cannot take one sentence out of a three or four page document and say that India has compromised. India has not compromised because India's right to economic and social development is fully protected in this statement, and this goal of 2°C limit is only an aspirational goal, which all countries will try and will endeavour to meet.

Therefore, I want to assure the hon. Member that India has not capitulated; India has not compromised; and India has not weakened its position of climate change negotiation, which remains. We will not accept any caps legally binding emission reduction targets, now or later.

**डॉ. मुरली मनोहर जोशी :** अध्यक्ष महोदया, यह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। वैसे इस पर पूरे सदन को चर्चा करनी चाहिए। पूरे प्रश्न को देखकर लगता है कि एग्रीकल्चर में एमिशन्स को रोकने के लिए बात कही जा रही है। यह हमारे देश की कृषि के लिए बहुत घातक होगा अगर आप यह कहें कि धान से निकलने वाली मिथेन गैस और ग्रीन हाउस गैसों आदि को रोक दिया जाए यानी धान की खेती को रोक दिया जाए या यह कहा जाए कि जो ऐनीमल्स से मिथेन निकलती है, उसे रोक दिया जाए, इसलिए देश के कैटल स्टॉक को खत्म कर दिया जाए। आप हमें पहली बात यह बताएं कि एग्रीकल्चर के एमिशन के बारे में सरकार की क्या नीति है और वह नीति आप किस हद तक कारगर करवा रहे हैं? क्या एग्रीकल्चर के एमिशन को रोकने का सरकार का कोई इरादा है या इस एमिशन का देश सदुपयोग कर सके, उसके लिए कोई कार्यक्रम का इरादा है? क्या एग्रीकल्चर वेस्ट से पैदा होने वाली गैसेज़ को यूटीलाइज करने का कोई इरादा है? क्या आपकी ऐसी कोई स्कीम है?

दूसरा, क्या आप क्लाइमेट चेंज के संबंध में एक टाइम बाउंड प्रोग्राम कम्प्रीहैनसिव दृष्टि से सदन के सामने रखेंगे? ग्लेशियर्स का पिघलना, गेसेज़ का रुकना और इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन के ऊपर पड़ने वाले प्रभाव को इंटिग्रेटेड कम्प्रीहैनसिव प्लान के तहत आप कैसे करना चाहते हैं? क्या आप उसका खाका सदन के सामने बताएंगे? यह बहुत महत्वपूर्ण चीज है।

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam Speaker, the hon. Member has asked a series of questions. Let me try to answer each one of them. The first question that he has raised relates to whether India is going to accept any cap on the emission of methane from our agriculture. Let me reiterate clearly and categorically that India remains committed to the use of fertilizers. India remains committed to its agricultural strategy, and there is absolutely no question of imposing limits on the use of inputs which may lead to methane emissions. There is absolutely no question. I want to reassure the hon. Member that when we are talking of controlling emissions of Green House Gases, largely, we are thinking in the context of controlling or making

the carbon dioxide much lower, which is relatively easier, by using modern technology in our power stations.

As far as agriculture is concerned, I would like to inform the hon. Member, which he is well aware of, that in the National Action Plan on Climate Change, which most MPs would have seen, the hon. Member of Parliament would have certainly seen it, one of the eight Missions is the National Mission on Sustainable Agriculture. We need, not because the world is telling us to do so, to look at alternatives to chemical fertilizers. In the States of Punjab and Haryana, for example, the yield levels have reached a certain plateau because the incremental yield that we are getting from the use of fertilizers has levelled off. In a State like Andhra Pradesh, which accounts for 40 per cent of the pesticide consumption, the hon. Member is well aware of the social consequences of using such large quantities of pesticides. One of the Missions is a National Mission on Sustainable Agriculture which uses organic manure, which uses new methods as an alternative to the use of chemical fertilizers and chemical pesticides. I am glad to inform the hon. Member that the State of Andhra Pradesh, this year, almost 10 per cent of the total cultivated area in the State would come under non-pesticide use, would come under organic farming, which has major implications on cotton cultivation in the State.

So, we are moving towards sustainable agriculture, not because the world is telling us to reduce methane emissions, we are looking at sustainable agriculture because it is in our interest and it also increases the net returns that are available to farmers.

Finally, Madam Speaker, the hon. Member has raised the question of a comprehensive plan to deal with the effects of….

MADAM SPEAKER: Hon. Minister, I think only one supplementary question should be answered. I find, increasingly, the Members are making so many parts in one question. It becomes very long.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : Madam, the question I have raised is related to this.

SHRI JAIRAM RAMESH: Madam, I am only a responsive Minister.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : I am only a responsible Member.

SHRI JAIRAM RAMESH: I have absolutely no hesitation in agreeing to a detailed discussion on this subject. I have absolutely no hesitation. Whenever you decide to have this discussion, I will be prepared.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : Will you give some incentives to organic farming?

**श्री रेवती रमन सिंह :** अध्यक्ष महोदया, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इटली में 'गैस' पर भारत की तरफ से कोई आश्वासन नहीं दिया गया है। लेकिन यदि हम उसका टैक्स्ट देखें, तो भारत ने कहा है कि हम गैस कम करेंगे और कार्बन डाइआक्साइड कम करेंगे। आपने मेथेड बताया है कि इररिन्युअल एनर्जी हाइड्रो पावर ऑफ क्लीन कोल का इस्तेमाल उसमें होगा।

मान्यवर, क्लीन कोल के लिए आपने क्या ऐसी कोई टेक्नोलॉजी बनायी है, जिससे उसमें कार्बन डाइआक्साइड का कम से कम इमिशन हो? अभी जो एग्जीस्टिंग पावर हाउसेज हैं और जो नये खुल रहे हैं, उसमें क्या इसका इस्तेमाल होगा? क्या आपने इसे मेनडेटरी किया है और यदि नहीं किया है, तो आप इसे कब तक करेंगे?

**श्री जयराम रमेश:** यह कहना बिल्कुल गलत है कि जी-8 स्टेटमेंट में हमने ऐसा कोई आश्वासन दिया है कि हम कार्बन डाई आक्साइड एमिशन को घटाएंगे। इसका बिल्कुल भी जिक्र नहीं किया गया है। मैं यह स्टेटमेंट, अगर माननीय सदस्य चाहें, उनको दे सकता हूं, वे खुद देख सकते हैं कि वहां हमारे प्रधानमंत्री जी ने ऐसा कोई आश्वासन हिन्दुस्तान की ओर से नहीं दिया है कि हम कार्बन डाई आक्साइड या ग्रीन हाउस गैस एमिशन को कम करेंगे। उस मीटिंग में जो लोग शामिल हुए थे, जी-8 और चार अन्य देशों के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री, का बयान यही कहता है कि वर्ष 2050 तक हमारा यह प्रयास होगा कि जो अधिक टेंप्रेचर होगा, वह दो डिग्री सेल्सियस तक सीमित रहे। यह एक एस्पिरेशनल उद्देश्य है, कोई टारगेट नहीं है, यह कोई सीमा नहीं है, कोई जिम्मेदारी हमने नहीं ली है। मैं सदन को आश्वासन देना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री जी ने जी-8 स्टेटमेंट में मंजूरी दी है, वह एक सामूहिक, ग्लोबल स्टेटमेंट है और उसमें हिन्दुस्तान की जिम्मेदारियों का कोई जिक्र नहीं है। हमारी जिम्मेदारी हमारी राष्ट्रीय कार्ययोजना के तहत होगी जिसकी घोषणा पिछले साल की गयी थी। उस कार्ययोजना के तहत जैसा कि मैंने पहले कहा है, आठ मिशन्स का जिक्र हुआ है और 24 ऐसे इनिशिएटिव्स हैं, जिनमें जैसा माननीय सदस्य ने प्रश्न पूछा, क्लीन कोल एक महत्वपूर्ण अंग है। हमारे कोयला मंत्री जी यहां बैठे हैं, पावर सेक्टर में हम यह कोशिश कर रहे हैं कि हमारे पावर स्टेशन्स की

एफिशिएंसी और बढ़ाई जाए। अगर एफिशिएंसी बढ़ेगी तो हमारी कार्बन डाई आक्साइड की एमिशन घटेगी। हिन्दुस्तान का पहला सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट अगले साल गुजरात के मुंदरा में कमीशन होगा और आने वाले सालों में आप देखेंगे कि एनटीपीसी और प्राइवेट कंपनियों द्वारा जो बिजली घर लगाए जाएंगे, उनमें ज्यादातर सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होगा, जिससे उनमें कार्बन डाई आक्साइड एमिशन घटेगा। माननीय सदस्य ने कोल गैसीफिकेशन की बात की, हिन्दुस्तान का पहला कोल गैसीफिकेशन पर आधारित बिजली घर आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आ रहा है। अगले तीन साल में उसकी कमीशनिंग की गुंजाइश है और जब ऐसा होगा तो हिन्दुस्तान दुनिया के ऐसे तीन या चार देशों में शामिल होगा जहां पर इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो रहा है।

## (Q. No.362)

**श्री अनंत कुमार हेगड़े :** महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि प्रत्येक देश एक्सपोर्ट ज्यादा करना चाहता है और इम्पोर्ट कम करना चाहता है, लेकिन अपने देश में आंकड़े थोड़े अजीब से दिखते हैं। इम्पोर्ट बढ़ता जा रहा है और एक्सपोर्ट की बात छोड़ दीजिए, डोमेस्टिक प्रोडक्शन भी बराबर नहीं है। वर्ष 2004-05 में इम्पोर्ट 38 प्रतिशत था, टोटल प्रोडक्शन के आधार पर, वह लगातार वर्ष 2005-06 में बढ़कर 38.57 प्रतिशत हो गया, वर्ष 2006-07 में 45 प्रतिशत हो गया, वर्ष 2007-08 में 49 प्रतिशत हो गया और वर्ष 2008-09 में शायद इसके 50 प्रतिशत पार करने की संभावना है। यह अजीब स्थिति है।

इसके साथ-साथ अण्डग्राउण्ड माइनिंग के बारे में मैंने जो प्रश्न पूछा था, प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिए, लेकिन 27 जुलाई, 2009 को इसी सदन में उत्तर देते समय मंत्री महोदय ने बताया है कि वर्ष 2008-09 में 492.94 मिलियन टन प्रोडक्शन था, लेकिन वर्ष 2009-10 के लिए हमने 435 मिलियन टन का टारगेट रखा है। हम एक ओर कहते हैं कि प्रोडक्शन ज्यादा करने की हमारी सोच है, लेकिन आपके ही आंकड़े कहते हैं कि जो टारगेट हमने वर्ष 2008-09 में एचीव किया था, वह टारगेट भी हम वर्ष 2009-10 के लिए नहीं रख रहे हैं।

**अध्यक्ष महोदया:** आप प्रश्न पूछें।

**श्री अनंत कुमार हेगड़े :** प्रश्न ही पूछ रहा हूं। प्रोडक्टिविटी, तंत्र ज्ञान और ओवरहैड्स के बारे में कहना चाहता हूं कि दुनिया भर में जो प्रोडक्टिविटी है, हमारे देश में बहुत कम प्रोडक्टिविटी है। ओवरहैड्स भी जो मुख्य निर्यातक देश हैं, उनके मुकाबले 35 प्रतिशत ज्यादा है। मैं तंत्र ज्ञान और माइनिंग का जिक्र नहीं कर रहा हूं। लेकिन जो थ्री डी इमेजिंग है और बाकी जी तंत्र ज्ञान है, खासकर अभी पर्यावरण के बारे में, ग्रीन हाउस के बारे में सवालों के जवाब दिए जा रहे थे, उसे अपनाकर और हाई पावर सोलर लेज़र एनर्जी का यूज करके पाल्यूशन फ्री माइनिंग की जा सकती है।

**अध्यक्ष महोदया:** आपके प्रश्न की भूमिका बहुत लम्बी हो गई है। अब आप प्रश्न पूछें।

**श्री अनंत कुमार हेगड़े :** इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए अंडरग्राउंड माइनिंग में क्या टार्गेट होगा, कैसे हम उसे एचीव कर पाएंगे? ये जो आंकड़े हैं, इनमें आपस में तालमेल नहीं दिखाई दे रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि अंडरग्राउंड माइनिंग में इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए उत्पादन में क्या बढ़ोत्तरी होगी और नहीं होगी तो क्यों नहीं होगी?

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल:** आदरणीय अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने चिंता जाहिर की है कि दूसरे देशों में आयात की मात्रा घटती जा रही है और हमारे देश में बढ़ रही है। सबसे पहले तो मैं यह बताना चाहूंगा कि

आज से 30-40 साल पहले जब कोल इंडस्ट्री का राष्ट्रीयकरण हुआ था, उस समय हमारे देश में उद्योग की स्थिति क्या थी और आज क्या है। आज के समय में जितनी तेजी से उद्योग बढ़े हैं, उतनी ही तेजी से कोयले की मांग भी बढ़ी है। हमारे मुल्क में 55 प्रतिशत कोयले के द्वारा बिजली का उत्पादन होता है। इससे उद्योगों को बिजली की आपूर्ति की जाती है। ऐसी सूरत में यह कहना कि दूसरे देशों में आयात की मात्रा घट रही है, हमारे देश में बढ़ रही है, उचित नहीं है। लेकिन बढ़ती हुई ऊर्जा की आवश्यकताओं को देखते हुए और बढ़ते हुए उद्योगों को देखते हुए भारत सरकार ने यह फैसला किया है कि अगर कोई विदेश से कोयला मंगाना चाहता है तो हम उसे अलाऊ करें । हालांकि वह हमारे देश के कोयले से दोगुनी कीमत पर मिलता है, लेकिन उन्हें अगर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति दोगुनी कीमत पर करके उद्योग चलाने हैं, तो उसमें हमें कोई एतराज नहीं है। जहां तक कोयले के उत्पादन की बात है, वह आठवीं योजना में 289.32 मिलियन टन था, नौवीं योजना में 327.79 मिलियन टन था, दसवीं योजना में 433.83 मिलियन टन हो गया। इसलिए यह कहना कि कोयले का उत्पादन बढ़ नहीं रहा है, यह उचित नहीं है। यह हो सकता है कि हम आवश्यकताओं के अनुरूप कोयले का उत्पादन उतनी तेजी से नहीं बढ़ा पा रहे, जितनी तेजी से बढ़ाना चाहिए।

**श्री अनंत कुमार हेगड़े :** ये सरकार के ही आंकड़े हैं, मेरे नहीं हैं।

**अध्यक्ष महोदया:** कृपया मंत्री जी को जवाब देने दें।

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल:** जहां तक अंडरग्राउंड माइनिंग की बात है, जिस समय कोयले का राष्ट्रीयकरण हुआ था, उस समय अंडरग्राउंड माइनिंग ज्यादा हो रही थी। वह धीरे-धीरे कम हुई है। उसका सबसे बड़ा कारण है कि ओपन-कास्ट माइनिंग में कोयले का उत्पादन बहुत तेजी से बढ़ाया जा सकता है, जितनी तेजी से हमारे देश में मांग बढ़ रही थी। इसमें देखा गया है कि अगर हम ओपन-कास्ट माइनिंग तेजी से करेंगे तो हम सुविधाजनक तरीके से अपने देश में कोयले का उत्पादन करके उसकी आसानी से आपूर्ति कर पाएंगे। इसलिए इस पर ज्यादा ध्यान दिया गया है। अब सरकार यह सोच रही है कि हम अंडरग्राउंड माइनिंग को भी तेजी से बढ़ाएं। उसके लिए एक सर्वेक्षण कराया है। उसकी रिपोर्ट के अनुकूल हम अंडरग्राउंड माइनिंग को और बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए बजट भी एलोकेट किया गया है। अंडरग्राउंड माइनिंग में सबसे बड़ी दिक्कत यह आती है कि इसे शुरू करने में ही चार-पांच साल लग जाते हैं, जबकि ओपन-कास्ट माइनिंग छः महीने में ही शुरू हो जाती है और यह ज्यादा सुविधाजनक भी है तथा उत्पादक भी है। इसके अलावा यह सस्ती भी पड़ती है। इसलिए ओपन-कास्ट माइनिंग पर अभी तक ज्यादा ध्यान दिया गया है। जैसा कि आप जानते हैं कि रिसोर्सेज कम हो रहे हैं इसलिए अंडरग्राउंड माइनिंग को बढ़ाना पड़ेगा। उसके लिए जो भी

व्यवस्था करनी होगी, हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले तीन-चार साल में वह कर देंगे। इससे हमारे देश में अंडरग्राउंड माइनिंग से भी काफी उत्पादन हो जाएगा।

**श्री अनंत कुमार हेगड़े :** अध्यक्ष महोदया, मैं दूसरा प्रश्न पूछना चाहता हूं। जब यूएस डिप्लोमेट हिलेरी क्लिंटन यहां आई थी तो " ड्रॉप डिपेंडेंसी ऑन कोल" की बात कही गयी। इसका प्रोडक्शन पर क्या असर होगा? अगर असर होगा तो कितनी मात्रा में होगा और नहीं होगा तो क्या आप हिलेरी क्लिंटन की प्रस्तावना को अस्वीकार करते हैं? अगर अस्वीकार करते हैं तो इसका नतीजा क्या होगा? यह जानकारी मुझे चाहिए।

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल:** मैडम स्पीकर, कोयले के [illegible]ादन से, कोयले द्वारा थर्मल पावर स्टेशन चलाने से पर्यावरण का नुकसान होता है, पर्यावरण का क्षरण होता है, इसमें कोई शक नहीं है। इस मामले में, दुनिया के तमाम पर्यावरणविदों ने चिंता व्यक्त की है, हम भी चिंतित हैं, लेकिन हम अपने प्रोडक्शन को घटा नहीं सकते हैं, हम अपने इंडस्ट्रलाइजेशन को कम नहीं कर सकते हैं। दुनिया के दूसरे देश इसके लिए चिंता कर सकते हैं, लेकिन जब तक हमें ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत नहीं मिल जाते हैं, तब तक हम कोयले के उत्पादन को कम नहीं कर सकते हैं, बल्कि हम उसे बढ़ाते जाएंगे। जैसा अभी माननीय पर्यावरण मंत्री जी ने आपको और सदन को आश्वस्त किया है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि दुनिया के विकसित देश कितने चिंतित हो रहे हैं। हमारे अपने रिसोर्सेज हैं, हमारी अपनी आवश्यकताएं हैं, उनकी पूर्ति के लिए हम हर कीमत पर कोशिश करेंगे। इसका असर अगर दुनिया के पर्यावरण पर विपरीत होता है तो दुनिया के देश हमें बताएं कि हमारे पास वैकल्पिक स्रोत क्या हैं? जब तक वैकल्पिक स्रोत हम विकसित नहीं कर लेंगे, तब तक हम अपने इस स्रोत को यूं ही जारी रखेंगे, जिससे कि हमारे देश का उत्पादन कम न होने पाए।

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह :** धन्यवाद महोदया, अभी पहले प्रश्न के उत्तर में माननीय मंत्री जी ने विस्तार से यह बताने का प्रयास किया कि पिछले तीस-चालीस वर्षों में, औद्योगीकरण होने के कारण, जो कोयले की मांग बढ़ी है, उसके कारण इन्हें आयात करना पड़ रहा है। मुझे नहीं लगता है कि इस तर्क में कोई दम है। हमारे पास कोयले का पर्याप्त भंडार है और अगर हमारी मांग 30 वर्षों में बढ़ती रही तो उसके अनुरूप हमें उत्पादन भी बढ़ाना चाहिए था, लेकिन हमने उसे बढ़ाया नहीं। माननीय मंत्री जी का एक बयान हमने अखबार में देखा, जिसमें जो आयातित कोयला है, उसे सर्टिफिकेट भी दे दिया गया। इन्होंने कहा कि जो आयातित कोयला है, उसकी गुणवत्ता अच्छी है। मैडम स्पीकर, कोयले की गुणवत्ता का अच्छा होना उसको अच्छी तरह वाश करने पर निर्भर करता है। वाशरी का इस्तेमाल आप जितना करेंगे, उतना ही कोयले की गुणवत्ता में सुधार होगा। आप अपनी कमजोरी को छिपाने के लिए, आयातित कोयले को प्रमाण-पत्र दे रहे हैं। हम नहीं समझते हैं कि यह उचित है। माननीय मंत्री जी, हमारे पास कोयले का पर्याप्त भंडार है और जितनी

मांग हमारे देश में है, उतनी पूर्ति हम कोयले की कर सकते हैं, अगर हम उत्पादन को बढ़ाएं। माननीय मंत्री जी इस सच्चाई को जानते होंगे कि कोयला सेक्टर एक ऐसा सेक्टर है जिसमें कई लोग, कई तरह की एजेन्सियां लगी हुई हैं, माफिया लोग कोयले से हीरा निकालने का काम कर रहे हैं और कोयले की बड़ी मात्रा में चोरी हो रही है। आप उस चोरी पर नियंत्रण करें तो बहुत हद तक यह समस्या दूर हो सकती है। लेकिन माननीय मंत्री जी ही यह बता सकेंगे कि वे उस पर कितना नियंत्रण कर पाएंगे? हम आपसे यह जानना चाहते हैं कि जो भूमिगत कोयला खदान हैं, क्या सरकार ने कोई आकलन किया है कि उन खादानों में कोयले की कितनी मात्रा उपलब्ध है और मांग और आपूर्ति में जो गैप है उसे पूरा करने के लिए, आप उत्पादन का क्या लक्ष्य रख रहे हैं और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्या प्रयास कर रहे हैं?

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल :** महोदया, माननीय सदस्य ने यह कहा है कि इम्पोर्ट हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हम कोयले का पूरा उत्पादन नहीं कर पाते हैं। आंशिक रूप से माननीय सदस्य की बात सही है कि हम उतना उत्पादन नहीं कर पाते हैं, जितनी हमारे देश में डिमांड है। यह बात भी सत्य है कि हमारे देश में ए, बी, सी ग्रेड के कोयले का रिजर्व बहुत कम है। ज्यादातर डी, ई, एफ, जी ग्रेड के कोयले का ही उत्पादन होता है, जो कि थर्मल पावर स्टेशंस में काम आता है और जो स्पंज आयरन वाली इंडस्ट्रीज़ हैं या सीमेंट प्लांट्स हैं, उन्हें अच्छे कोयले की आवश्यकता होती है। हमारे देश में कोकिंग कोल का उत्पादन कुल रिजर्व केवल 9 परसेंट है, बाकि सब ओर्डनरी कोल है, इसमें ऐश कन्टेंट ज्यादा होता है। विदेशों से जो कोयला इम्पोर्ट किया जाता है, उसमें ऐश कन्टेंट कम होता है। उसकी उत्पादकता ज्यादा होती है, उसकी हीट पावर ज्यादा होती है। इसलिए जो लोग इंडस्ट्रीज़ को चलाना चाहते हैं, हमने उन्हें लिबर्टी दी है कि यदि वह चाहें तो विदेशों से कोयला मंगवा सकते हैं। जहां तक उत्पादन बढ़ाने की बात है, मैं माननीय सदस्य की बात से सहमत हूं कि कोयले का उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिए। इसका हमारी मिनिस्ट्री ने एक्शन प्लान बनाया है। आने वाले समय में हमारे देश का कोयला उत्पादन भी बढ़ेगा। जहां तक कोयला चोरी की बात है, माननीय सदस्य बिहार से आते हैं और वह अच्छी तरह से जानते हैं कि किस तरीके से माफियाओं ने कोल सैक्टर पर कब्जा किया हुआ है। इस बात को पूरी तरह से स्वीकार कीजिए।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** मंत्री जी को बोलने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल:** अब नहीं है, लेकिन जिस समय की आप बात कर रहे हैं, आपको हम से ज्यादा जानकारी बिहार और झारखण्ड के बारे में होगी क्योंकि झारखण्ड 4-6 साल पहले तक आपके साथ

था।...(व्यवधान) माफियाओं ने जिस तरीके से कोल सैक्टर पर कब्जा किया हुआ है और कोल सैक्टर में जो करप्शन है, कोयले की चोरी होती है, इसे घटाने की और इस पर अंकुश लगाने की कोशिश हमारी सरकार खास तौर से नयी सरकार इस को पूरे तरीके से सैंट्रलाइज़ कर रही है। आपने देखा होगा कि पिछले महीने सीबीआई की दो रेड पड़ी हैं। एक डब्ल्यूसीसीएल और दूसरी सिंगरौली में पड़ी है। इसलिए हमारा प्रयास होगा कि हम ज्यादा से ज्यादा कोयले की चोरी को रोक सकें और देश में कोयले के उत्पादन को बढ़ाकर अपनी औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें।

**श्री मदन लाल शर्मा:** अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद करते हुए कहना चाहता हूं कि इस देश में बहुत सी रियासतें हैं, लेकिन हमारी रियासत जम्मू-कश्मीर, खास तौर से मेरे क्षेत्र जम्मू-पुंछ में कालाकोट कोयले की खान है, लेकिन अरसादराज़ से मैं यह देख रहा हूं कि वहां तसल्ली बख्श काम नहीं हो रहा है और जरूरत के मुताबिक वहां से कोयला नहीं मिल रहा है। मेरी जानकारी के मुताबिक वहां महीने में 15 सौ टन कोयला निकलता है और एक हजार के करीब मजदूर काम करते हैं। वर्ष 1965 में कालाकोट पावर थर्मल प्लांट लगा था, लेकिन वर्ष 1980, पिछले बीस वर्षों से वह बंद पड़ा है। क्योंकि उस खान से जरूरत के मुताबिक कोयला नहीं निकाला जाता है। मैं समझता हूं कि पैसा लगाकर जो पावर थर्मल प्लांट लगाया गया था, वह भी बंद है। रियासत जम्मू-कश्मीर बैकवर्ड स्टेट है। वहां बेरोजगारी बहुत है। मुझे मिनिस्टर साहब से पहले मिलने का मौका मिला, अधिकारी यहां तशरीफ रखते हैं। शायद इस विभाग को यह जानकारी भी नहीं थी कि हमारी रियासत और कालाकोट में कोई खान है।

**अध्यक्ष महोदया :** आप प्रश्न पूछिए।

**श्री मदन लाल शर्मा :** मैं मंत्री जी से यकीन चाहता हूं कि वे फुर्सत निकाल कर कालाकोट का दौरा करें, वहां मौके का जायजा लें। जो-जो परेशानियां और दिक्कतें हैं, उन्हें दूर करने का क्या मंत्री जी यकीन दिलाते हैं?

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल :** महोदया, माननीय सदस्य ने जम्मू की जिस कोयला खान के बारे में जिक्र किया है, इसका कोल इंडिया से कोई लेना-देना नहीं है। वह जो कोयला प्रोड्यूज़ करती है, उसका लोकल यूज़ होता है। उसमें ऐश कन्टेंट इतना ज्यादा है कि वह थर्मल पावर स्टेशन में काम नहीं आ सकता है। इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 17 हजार टन है, जो कि वहीं के लोकल कंजम्शन के काम आ जाता है। अगर इससे पावर प्लांट चलाने की कोई बात की जाए, तो इस बात की फिजीबिलिटी देखी गई थी कि क्या इससे पावर प्लांट चल सकता है। लेकिन यह पाया गया कि इससे पावर प्लांट नहीं चलाया जा सकता है।

SHRI KALYAN BANERJEE : Madam, Speaker, through you I would like to put a supplementary question to the hon. Minister. Rampant unauthorized coal mining is going on in Raniganj and in its adjoining areas, namely, at places like Andal, Jamuria under the Asansol Sub-Division in the State of West Bengal for decades together. Selling of such illegally mined coal is going on in open daylight and it is known to everyone. In the rarest of the rare cases, the local police have taken steps to prevent such unauthorized mining of coal in the area. I would like to know from the hon. Minister if the Government is really serious about preventing unauthorized coal mining in the State of West Bengal, particularly in the Asansol Sub-Division which comes under the direct control of the Eastern Coalfields Limited. It is also reported that the officers of Eastern Coalfields also are involved in such unauthorized coal mining activity.

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल:** अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने आसनसोल के जिन कोल माइन्स का जिक्र किया है, मैंने पहले ही बताया कि इललीगल कोल माइनिंग माफियाओं के सहयोग से क्षेत्रीय लोगों का एक पेशा बन गया है। माफिया उनको उकसाते हैं कि आप लोग इललीगल माइनिंग करिए और इललीगल माइनिंग करके हमें कोयला दीजिए। वे उनसे औने-पौने दाम पर कोल खरीद लेते हैं और बाद में बाजार में दुगने-तिगुने दामों पर बेचते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि यह एक बहुत बड़ी समस्या है। मैंने जब से चार्ज सम्भाला है, मैं पश्चिम बंगाल गया, पश्चिम बंगाल में मैं मुख्य मंत्री जी से मिला और उनसे अनुरोध किया कि आपकी नाक के नीचे इललीगल माइनिंग हो रही है जो हमारे लिए शर्म की बात है और आपके लिए भी चिंता की बात होनी चाहिए क्योंकि इललीगल माइनिगं तब तक नहीं रोकी जा सकती जब तक कि राज्य सरकारों का सहयोग न प्राप्त हो। आप अच्छी तरह जानते हैं कि लॉ एंड ऑर्डर और पुलिस ये स्टेट सबजेक्ट्स हैं। अगर राज्य सरकार हमें पूरी तरह से सहयोग करे तो हम इललीगल माइनिंग को भी रोक सकते हैं और पिलफ्रेज को भी रोक सकते हैं। जिस समस्या की ओर हमारे माननीय सदस्य ने ध्यान दिया है, हमारा प्रयास है और हमें पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री जी ने यह एश्योर किया कि अगर आप वास्तव में इतने गंभीर हैं तो हम इललीगल माइनिंग रोकने के लिए वे सारे कड़े कदम उठाएंगे जितने कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में शायद इललीगल माइनिंग पर अंकुश लगेगा।

**श्री उदय सिंह :** झारखंड में राष्ट्रपति शासन है, क्या वहां इन्होंने रोक दिया?...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** क्या आप उत्तर देना चाहते हैं?

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल:** अध्यक्ष महोदया, मैं उत्तर देना चाहता हूं। पिलफ्रेज और इललीगल माइनिंग, जिन स्टेट में कोयला पैदा होता है, वहां बराबर हो रही है चाहे वह झारखंड हो या पश्चिम बंगाल हो या छत्तीसगढ़ हो। कम से कम इस मामले में हमारे माननीय सदस्य अगर पॉलिटिक्स नहीं करेंगे तो हम समझते हैं कि बहुत कुछ इसे रोकने में कामयाबी मिल सकती है और झारखंड में भी जब मैं गया था तो झारखंड के गवर्नर से मिला था।

SHRI BANSA GOPAL CHOWDHURY : The hon. Member took the name of West Bengal and not Jharkhand… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Mr. Minister, you do not have to respond to everything.

… (*Interruptions*)

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल :** वह धनबाद के हैं। उन्होंने धनबाद की बात कही। आप झारखंड के हैं। लेकिन इसमें पॉलिटिक्स नहीं होनी चाहिए। हम सब मिलकर अगर इस गंभीर समस्या का निदान खोजेंगे तो ऐसा कुछ नहीं है कि दुनिया में किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

**श्री लालू प्रसाद :** अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि हाल ही में आप इस विभाग के मंत्री बने हैं, क्या आपको इस बात की जानकारी है कि देश भर में सबसे बड़ा स्टॉक और बैस्ट क्वॉलिटी का कोल धनबाद के झरिया में पाया जाता है? वहां वर्षों से पूरे इलाके के अंदर आग लगी हुई है। वहां आग का धुंआ, आग की लौ निकलती रहती है। फिर उसके गड्ढों को भरने के लिए कितना पैसा बालू पर खर्च किया जाता है और कोल का बहुत बड़ा स्टॉक है। हम इन चीजों पर ध्यान न देकर इम्पोर्ट पर ज्यादा ध्यान देते हैं जिसमें देश का पैसा बाहर जा रहा है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या यह प्रकाश में लाया गया है? यहां मिथेन गैस अंदर भरी हुई है।

हम इससे और पावर पैदा कर सकते थे और आग को बुझा सकते थे।

**श्री अनंत कुमार :** वे वॉल्केनो के ऊपर बैठे हैं।

**श्री लालू प्रसाद :** हां, ज्वालामुखी के ऊपर बैठे हैं। इसके कारण धनबाद और झरिया का इलाका खतरे में है क्योंकि यह वाल्केनो के ऊपर बसा हुआ है। सरकार और आपके महकमे ने आग को बुझाने के लिए क्या उपाय किए हैं? हम लोगों ने कई बार इस सवाल को उठाया है कि मिथेन गैस के कारण कोयले का स्टॉक समाप्त हो रहा है जिससे हम दूसरों पर डिपेंडेंट हो रहे हैं।

**श्री श्रीप्रकाश जायसवाल:** माननीय अध्यक्ष महोदया, माननीय वरिष्ठ सांसद ने बात उठाई है और कहा है कि अब तो आपको प्रभार मिल गया है। मेरा कहना है कि आभार भी आपका है, आपके आभार से हमें प्रभार मिला

है, मैं आपका आभारी हूं। माननीय सदस्य ने झरिया की जिस कोल फील्ड की बात उठाई है, इसमें शक नहीं है कि पिछले 40 वर्षों से इस कोल फील्ड में आग लगी हुई है। जब भी प्रयास किया गया कि वहां की बस्ती का रिहेबिलिटेशन कर दिया जाए, तब किसी न किसी कारण से विस्थापन का कार्य पूरा नहीं हो पाया, मैं किसी सरकार या किसी के ऊपर दोष नहीं लगाना चाहता हूं। अभी बिहार में झरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाई गई है। इस अथॉरिटी को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वहां की बस्तियों को पुनर्वासित करे। बीसीसीएल के पास लगभग 4000 क्वार्टर्स हैं और वह इसे देने को तैयार है। बीसीसीएल ने पुनर्वास योजना बनाई है और वह इसके लिए सारा पैसा देने को तैयार है। हम उम्मीद करते हैं कि झरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी इस काम को जल्दी से जल्दी लोकल प्रशासन के सहयोग से अंजाम देगी। बीसीसीएल को सारा खर्चा करना है। झारखंड और पश्चिम बंगाल सरकार को फोर्स, ताकत, अधिकारी और समर्पण की भावना दिखानी होगी जिससे पुनर्स्थापन का कार्य जल्दी से जल्दी पूरा किया जा सके। सौ दिन का एक्शन प्लान बनाया गया है और हम उम्मीद करते हैं कि शायद तीन या चार महीने में ही विस्थापन का कार्य हो जाएगा। जब तक विस्थापन का कार्य पूरा नहीं होता तब तक हम वहां न तो माइनिंग कर सकते हैं और न आग बुझा सकते हैं।

**(Q.No.363)**

**श्री महाबल मिश्रा :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या वैक्सीन बनाने के तीन यूनिट बंद हुए हैं? इसका क्या कारण है? क्या भविष्य में कोई यूनिट चालू कर रहे हैं?

SHRI DINESH TRIVEDI: Madam, it is a long answer which I have to give as I have go to the background of the closing of this vaccine unit. As a matter of fact, it would not be proper if I say that the units are closed. Actually the units are not closed. It is the licence which has been revoked and it is under the Department of the Ministry concerned and not independent PSUs. They are three of them. One is CRI, Kasauli in Himachal Pradesh, the second is the BCG Vaccine Laboratory in Tamil Nadu and the third one is PII in Kannur. These units have been giving us vaccines for the UIP Programme which the Ministry has, that is, the Universal Immunisation Programme.

The Drugs and Cosmetics Act, 1940 and Drugs and Cosmetics Rules, 1945 are the concerned Rules and Act which regulate import, manufacturing, selling, distribution of both drugs and cosmetics.

Madam Speaker, in 2001, Schedule A of this rule was amended. As per that amendment, something which is known as Good Manufacturing Practices, in short it is known as the GMP, was introduced. After the GMP was introduced, all the manufacturing units had to be given time to update all their units in order to adhere to the GMP. Most of the units had gone through inspections. So were our Units, all these three Units, in various things. Since August 2004 a lot of inspection and other things had started. There were three inspections. One was in 2004 and the other was in August 2007. Various teams, like WHO team, our own experts, and others went there to see whether our Units adhere to the GMP or not. Under the GMP, comes the infrastructure like buildings, the manufacturing process, whether the Units have enough expertise, staff or not, etc. All these consist of the GMP. Unfortunately our Units, for various reasons, could not adhere to the GMP.

I have the details. If you want I can go through the details. Madam Speaker, if you permit me then I can go through the details as to why we were de-recognised. … (*Interruptions*) Hon. Members want the reply in short. I do not know what is short or long, but I have to give the factual reply.

Then, after inspection it was found that in some of the Units the buildings were not properly built; in other Units the man power was not what it was prescribed. With the result, our authority, the National Regulation Authority said that we cannot compromise on the quality of vaccines. We do not compromise on the quality and safety of the drugs, because these are the Units which manufacture vaccines and ultimately they go to the children. With the result, the Authority was very strict and it said, "It does not matter, even if they are our own Units, we would rather close them, rather than taking a chance with children's vaccines." That is the reason why our own Regulatory Authority revoked the licence. So, it is not really closed. The licence has been revoked. That is the reason at the moment why they are not producing anything. But at the same time, I will hasten to add this. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Hon. Minister, I would request you to be concise.

… (*Interruptions*)

SHRI DINESH TRIVEDI: Madam Speaker, I will conclude.

The hon. President in her Address to the Parliament on 4th of June had also mentioned that all these Units are going to be opened by the Government. So, we stand by that and these Units are ultimately going to be opened and various project reports are there.. … (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Please address the Chair. Please sit down.

… (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** आप प्रश्न पूछिये।

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Hon. Minister, you do not have to reply unless I call you.

… (*Interruptions*)

**श्री महाबल मिश्रा :** अध्यक्ष महोदया, देश में आज तरह-तरह की बीमारियां आ रही हैं, जिनके बारे में जानकारी नहीं है। क्या सरकार भविष्य में ऐसा कोई वैक्सीन बनाने जा रही है, क्या सरकार की ऐसी कोई सोच है और देश में कितने वैक्सीन्स हैं और उनका नाम क्या है?

MADAM SPEAKER: Hon. Minister, please be brief in answering the question.

SHRI DINESH TRIVEDI: Madam, again, if I have to give the history of all the vaccines, it is going to take time. … (*Interruptions*) He is asking about the different diseases.… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Hon. Minister, I am sure the hon. Member knows the history. You please be succinct and to the point in your answer.

SHRI DINESH TRIVEDI: He has asked about the diseases. We have this BCG.… (*Interruptions*)

**श्री महाबल मिश्रा :** बहुत छोटा सा क्वैश्चन है।

**श्री दिनेश त्रिवेदी :** आपने छोटे से क्वैश्चन में पूरी रामायण मांगी है। We have the BCG.… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Hon. Members, please have some patience. Please give a patient hearing and give him a chance. Hon. Minister, please continue.

SHRI DINESH TRIVEDI: We have this BCG which is basically for Tuberculosis, as we all know. We have Diptheria. We have the Pertussis which is whooping cough which we have in children. Then, we have Tetanus Toxoid which is TT – not Table Tennis. TT is Tetanus Toxoid. Then, we have the polio vaccine. We have Measles. All the immunization programmes have actually been started from 1900 where Small Pox and Typhoid, if you remember, were the diseases of that time. Then, again, in 1962, we started the BCG Programme.

As far as the new vaccines are concerned, Madam, it is a continuous process. At the moment, the Ministry is seized of the Swine Flu. The Swine Flu vaccine has not yet come. We are all researching Swine Flu. At the moment, the Pentavalent is

one vaccine which is under active consideration and a lot of decisions have been taken. In future, we are going to come with this Pentavalent vaccine which will be implemented so that the administration of it becomes much easier and more and more diseases are covered under this.

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, there is a huge scarcity of vaccines in the country. Vaccines are directly related to infant mortality. In India, every year, there are 26 million child births taking place out of which 2.7 million die because of infant mortality. They die before their first birth day. That is the situation. Unfortunately, on 17th January, 2008, the then Minister for Health closed down procuring the life-saving vaccines from the three Public Sector Undertakings. They used to supply 80 per cent of the procurement. There is a PIL pending before the hon. Supreme Court alleging a huge vaccines scam. Instead of these three Public Sector Undertakings, actually now, the vaccines are being procured from the Green Signal Bio-Pharma and Watson Bio-Pharma. Therefore, my straight question to the hon. Health Minister is this. If there is a scam, what is the probe that the UPA Government is instituting to unravel the scam?

Secondly, what are the corrective measures they are going to take.… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please put only one question.

SHRI ANANTH KUMAR : I am putting only one question. Part (b) of the question is this.

MADAM SPEAKER: Just ask one question.

SHRI ANANTH KUMAR : They have to restore the supply of vaccines. Actually, the hon. Minister himself has agreed that in 14 States, the life-saving vaccines are in deficit. They have given various statistics to the extent of 35-36 million vaccines in deficit in Uttar Pradesh, Bihar, Orissa, Karnataka and in various other States. That has been their answer. What is their Action Plan to restore the supply of vaccines where infant mortality is so high?

SHRI DINESH TRIVEDI: If one looks at the answer, it says very clearly that there is no shortage of vaccines. So, factually, I am afraid, in-between, for a few months, the supply was not really out of stock.

But the supply was less and that is why I gave a very long reply so that I thought that all the supplementaries could be covered. That was the purpose. As you know, vaccines are supplied by both the public sector and the private sector. … (*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, there is huge deficiency of vaccines in the country even now. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please let him answer.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: You have already asked the question. Let him reply now.

SHRI DINESH TRIVEDI: Madam, normally stocks for a couple of months are kept and if the stocks go below one month's supply, then only we technically say that we are out of supply. The fact of life is whether it is the public sector undertaking, whether it is the unit of the Ministry or whether it is the private sector … (*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, he said in his reply that public and private manufacturers default on their supply by staggering their delivery in some States. This is the answer given. … (*Interruptions*)

SHRI DINESH TRIVEDI: This is what I am telling. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please let him reply.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: If you have the patience, just hear me out. All these manufacturing units, whether they are in the public sector or they are in the private sector, overstate their capacity and we also have to appreciate that there is a lead time required for three months from the time we place the order and 21 days are added

… (*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR: Madam, my question was straight. What about the vaccine scam? What about the purchase from private companies? He is not answering to my straight question. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please let him reply.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: This dialogue cannot go on. Please let him reply.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Mr. Minister, I think you have given a very detailed reply. Do you want to add something now?

SHRI DINESH TRIVEDI: Madam, I have to answer in sequence. I have got to answer in sequence. … (*Interruptions*) Let me answer in sequence. … (*Interruptions*)

SHRI ANANTH KUMAR : Madam, it is a straight question. The Minister is not answering to my question. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Only the Minister's statement will go on record.

*(Interruptions) ...* *

SHRI DINESH TRIVEDI: Madam, in the other House … (*Interruptions*) Let me answer. … (*Interruptions*) If you sit down, I will answer. I have the answer for your question. … (*Interruptions*) If you sit down, I will answer. Your time is going up. … (*Interruptions*) Let me answer your question. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Would you let him answer?

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please let him answer.

… (*Interruptions*)

SHRI DINESH TRIVEDI: If you sit down, I will answer. … (*Interruptions*) I am answering your question. You do not want to have the answer. … (*Interruptions*)

---

* Not recorded.

You allow me to answer. Your time is going up. … (*Interruptions*) Allow me to answer.

(Madam Speaker *in the Chair*)

## SUBMISSION BY MEMBER

## RE: COMMISSIONING OF GAS BASED POWER PROJECT AT DADRI, GAUTAM BUDH NAGAR, UTTAR PRADESH-Contd.

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** कृपया शान्त हो जाइए।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी):** अध्यक्ष महोदया, मेरा निवेदन है कि सरकार की तरफ से उत्तर आना चाहिए।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** मंत्री महोदय कुछ कहना चाहते हैं, आप सुन लीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** मंत्री जी मेरी बात सुनकर ही बोलेंगे।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री और जल संसाधन मंत्री (श्री पवन कुमार बंसल):** मैं इनकी एक-एक बात का जवाब नहीं दे सकता हूं।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप सुबह बोल चुके हैं। उन्हें उत्तर देने दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री पवन कुमार बंसल :** मुलायम सिंह जी, आज चार बार ऐसा हो चुका है।...(व्यवधान) सुबह क्वश्चन आवर से पहले, क्वश्चन आवर के बाद और बाद में भी इस बारे में दो बार जिक्र होता रहा है। इन्होंने यह बात उठाई है। मैं आपके माध्यम से सदन को इतना ही बताना चाहता हूं और इन्हें विश्वास भी दिलाना चाहता हूं कि संबंधित मंत्री इस पर सोमवार को अपनी स्टेटमैंट दे देंगे, वे रिस्पौंड कर देंगे।।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** अब शान्त हो जाइए।

...(व्यवधान)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Why was the issue of price rise -- listed for discussion today -- not discussed in the House? Is Mr. Anil Ambani so important that the issue of price rise is going to be dropped from the table of discussion? … (*Interruptions*) We are fixing up time for the discussion on price rise in the Business Advisory Committee (BAC). … (*Interruptions*) The issue of price rise is an important issue. You had called the name of Mr. Basudeb Acharia to initiate the discussion on this issue, but it was not discussed. It is unfortunate. … (*Interruptions*) Members are coming to discuss the most vital and burning issue of the country, but it is not being allowed to be discussed in the House. Somebody's gas line has been … (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: All this will not go on record.

*(Interruptions) ...**

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठिए।

…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** वे प्राइस राइज़ के बारे में बात कर रहे हैं, आप बैठ जाइए। आज प्राइस राइज़ पर डिसकशन थी लेकिन नहीं हो पाया। उनकी चिन्ता है, वे बोल रहे हैं।

…(व्यवधान)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : It is a disgrace. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: We are having the meeting of BAC in a little while. We will discuss it, and we will fix the time for it.

---

* Not recorded.

**15.02 hrs**

## DISCUSSION UNDER RULE 193

### Issues arising out of Prime Minister's recent visit to foreign countries

MADAM SPEAKER: The House shall now take up Discussion under Rule 193. Shri Yashwant Sinha.

… (*Interruptions*)

**श्री यशवंत सिन्हा (हज़ारीबाग):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने इस चर्चा के लिए समय मुकर्रर किया। मैं इस बात का भी आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मैं अपने नेता का भी आभारी हूं जिन्होंने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर पार्टी का पक्ष रखने के लिए मुझे बोलने का अवसर दिया। हाल के दिनों में दिल्ली मैट्रो के कई पिलर्स क्रैक कर गए, कुछ गिर भी गए। उसकी जांच अलग चल रही है लेकिन अभी प्रधान मंत्री जी की विदेश यात्राओं के दौरान इस देश की विदेश नीति के जो पिलर्स थे, उसमें बहुत सारे क्रैक पड़ गए हैं, बहुत सारे गिर गए हैं। देश की विदेश नीति बराबर राष्ट्रीय सहमति के आधार पर चली है। जो भी सरकार में होता है, वह महत्वपूर्ण मुद्दों पर विपक्षी दलों को भी विश्वास में लेता है, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा होती है और फिर आगे की रणनीति तय की जाती है ताकि देश में वह सहमति बनी रहे। मैं बहुत अफसोस के साथ इस बात को कहना चाहता हूं कि पिछले कई वर्षों से यह सहमति लगभग समाप्त हो चुकी है, क्योंकि वह परम्परा ही समाप्त हो गईं कि सबको विश्वास में लेकर साथ चलना चाहिए। पाकिस्तान के संबंध में हमारी जो परम्परागत नीति रही, उसमें राष्ट्रीय सहमति एक बहुत ही मजबूत आधार था। मुझे लगता है, मैडम, शायद यह पहला मौका है जब इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर राष्ट्रीय सहमति न केवल चरमरा गयी, क्रैक हो गयी बल्कि ध्वस्त हो गयी, वह पिलर ही गिर गया। शायद यह पहला मौका है। मैं आपके माध्यम से सदन को विश्वास में लेना चाहता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि मुंबई पर जो हमला हुआ था, वह सिर्फ एक साधारण आतंकवादी हमला या घटना नहीं थी, मुंबई पर हमला हमारे देश की सम्प्रभुता पर हमला था, वह पाकिस्तान का भारत के ऊपर हमला था। मुंबई हमले के बाद इसी सदन में प्रधानमंत्री जी ने कहा था, जिसे मैं यहां कोट कर रहा हूं :

> "Firstly, we have to galvanize the international community into dealing with sternly and effectively with the ***epicentre of terrorism which is located in Pakistan***.

> The infrastructure of terrorism has to be dismantled permanently. The Prime Minister also informed the House that he had told several Heads of State and Government who had called him up that India would not be satisfied with only assurances. He said the use of terrorism as an instrument of State policy is no longer acceptable."

These are not my words, Madam; these are the words of the Prime Minister of India. उसके बाद on July 16, the Prime Minister met the President of Pakistan, President Zardari, in Yekaterinburg and admonished him in the hearing of the whole world. He told him:

> "I am happy to meet you, but my mandate is limited to telling you that the territory of Pakistan must not be allowed to be used for terrorism against India."

Strong words; we all felt very proud of our Prime Minister; here was our Prime Minister, fresh from his victory at the polls, confident, assertive, ready to tell Pakistan and the rest of the world, "Do not mess around with us". That was the message that he had conveyed, and we felt proud that the Prime Minister had conveyed this message on behalf of the whole country. … (*Interruptions*)

SHRI J.M. AARON RASHID (THENI): It is a feather in the cap of the hon. Prime Minister.

SHRI YASHWANT SINHA (HAZARIBAGH): I will praise him whenever he deserves praise.

In less than a month, at Sharm-el-Sheikh, there was a complete turnaround from this stated position, and a Joint Statement was issued. In the Joint Statement, there are many points, and I would like to take them by one by one which stand out. ये क्या बिन्दु हैं,

> "They considered the entire gamut of bilateral relations with a view to charting the way forward in India-Pakistan relations. [I emphasize the words ***entire gamut of bilateral relations***.]
>
> Second, both leaders agreed that terrorism is the main threat to both countries.

> Third, Prime Minister Singh reiterated the need to bring the perpetrators of the Mumbai attack to justice. Prime Minister Gilani assured that Pakistan will do everything in this regard.
>
> Fourth, Prime Minister Gilani mentioned that Pakistan has some information on threats in Balochistan and other areas.
>
> Fifth, both Prime Ministers recognized that dialogue is the only way forward. Action on terrorism should not be linked to the composite dialogue process and these should not be bracketed."

The sixth point is, the Prime Minister Singh said that India was ready to discuss all issues with Pakistan including all outstanding issues. Seventh point is, the Prime Minister Singh reiterated India's interest. Please note that the Prime Minister Singh reiterated India's interest in a stable, democratic, Islamic, Republic of Pakistan. And finally, both leaders agreed that the two countries will share real time-credible, actionable information on any future threats. Both Foreign Secretaries will meet as often as necessary and report to the Foreign Ministers who will meet on the sidelines of the forthcoming UN General Assembly.

Now, let us take up these issues from the Joint Statement that I have just placed before you. The first is, the two Prime Ministers discussed the entire gamut of bilateral relations. It was not merely confined to cross border terrorism. It was not merely confined to holding Pakistan guilty of the acts of terrorism that it has unleashed on our sacred soil. We discussed, the Prime Minister discussed the whole gamut of bilateral relations. So, the whole thing was expanded. Secondly, when we say that both leaders agreed that terrorism is the main threat to both countries, then they put India and Pakistan at par. The distinction between the aggressor and the victim was obliterated, completely obliterated because we are both victims of terrorism. So, where is the question of being the perpetrator of terrorism and where is the question of being the victim of terrorism? Then Pakistan gave the assurance that it would do all within its power to bring the perpetrators of the Mumbai attacks to justice. We know that the Home Minister of Pakistan has said that they have

absolutely no evidence against Hafiz Saeed of Jammat-ud-Dawa. I heard our own distinguished Home Minister tell the television channels today that we have given enough evidence to Pakistan to prosecute Hafiz Saeed and yet the Pakistan Home Minister says that India has given no evidence, they have freed Hafiz Saeed, there is nothing pending against Hafiz Saeed. The mastermind of the Mumbai attack has been let loose by Pakistan. No action is being taken against him. And we say that they will take all the action which is necessary.

Now I come to Balochistan. Now why on earth was Balochistan included? We have nothing to hide. Yes, of course, we have nothing to hide. We have nothing to hide, Madam, on many other issues. So, shall we put all those issues in a bilateral document where we have nothing to hide? Is this an argument that if we have nothing to hide, we will put it in the bilateral document? I was going through some of the newspaper reports just now because the Pakistanis now, at the official level, at the level of their Home Minister and the Prime Minister have started talking about Balochistan no sooner did the ink dry on this joint statement. And today, the Pakistani Home Minister has said that Pakistan will use the Balochistan reference to the hilt. He said that evidence of Indian involvement in Balochistan would be presented at international forums at the appropriate time. And they have seriously accused India of supplying arms to the Baluchs. They have accused India of using our Consulates in Afghanistan to train them and give the money and arms. This is the allegation, Madam, that Pakistan has been raising ever since those Consulates in Afghanistan were established. My distinguished colleague the former Foreign Minister Mr. Jaswant Singh is here. It was during his time that decision was taken that we would establish these four Consulates in Afghanistan. Since then Pakistan has been uncomfortable. I would like to tell the House, through you Madam, as Foreign Minister of India I travelled to Afghanistan and spent not two hours but two days in Afghanistan, and saw with my own eyes the kind of respect that the people of Afghanistan have for India. You have to go there to see this very palpable respect and love. उनका भारतीय लोगों के साथ बहुत प्यार मुहब्बत है। जहां-जहां

मैं गया, उन्होंने बहुत रिस्पेक्ट दिखाई और बहुत सम्मान किया, इसलिए हमें किसी पर निर्भर नहीं करना चाहिए। अफगानिस्तान और भारत में जो मित्रता है, वह टाइमटेस्टेड मित्रता है, वह सदियों की मित्रता है। इस मित्रता को कोई समाप्त नहीं कर सकता है, पाकिस्तान तो बिलकुल नहीं। लेकिन पाकिस्तान ने जी तोड़ परिश्रम किया है कि भारत अपने कॉनसोलेट्स को वहां बंद कर दे। उन्होंने अफगान सरकार से इसकी शिकायत की, प्रेजीडेंट करजई ने उसे स्वीकार नहीं किया, उसे नकार दिया। उन्होंने अमेरिकंस को जाकर शिकायत की, उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया, उन्होंने इसे नकार दिया। उसके बाद जब वे हार गए, तब उन्होंने हमारी काबुल अम्बेसी के ऊपर आतंकवादी हमला किया और हमारे लोग मारे गए, राजनयिक मारे गए, हमारे डिफेंस अटैशे मारे गए तथा दूसरे लोग भी मारे गए। दुनियाभर में इस बात की चर्चा हुई, क्योंकि इसके पीछे पाकिस्तान की आईएसआई का हाथ था। सीआईए ने इंटरसेप्ट्स पकड़े। भारत सरकार के साथ उस सूचना को शेयर किया, जिसमें साबित हुआ कि हकानी का हाथ था, जो पाकिस्तान का टेरेरिस्ट है। उसे कहकर आईएसआई ने हमारे दूतावास पर हमला कराया। अब ज्वायंट स्टेटमेंट में बलूचिस्तान को ले आए और यह सारा मामला अब थमने वाला नहीं है। मेरा अगर कुछ भी अनुभव विदेश नीति के बारे में है, तो मैं चेतावनी के स्वर में इस बात को कहना चाहता हूं कि बलूचिस्तान भारत को आने वाले दिनों में बहुत तकलीफ देने वाला है। हम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में जाएंगे, पाकिस्तान का प्रतिनिधि खड़ा हो कर हमारे खिलाफ बलूचिस्तान की बात उठाएगा और हम शर्मिंदा हो कर उनके सामने झुकेंगे। आज ही बीबीसी पर मैंने देखा, पाकिस्तान के जर्नलिस्ट अहमद रशीद का एक लेख है, जिस बात की तरफ कई लोगों ने इशारा किया, उसने बिलकुल साफ कहा है कि -

> "When Pakistani and Indian leaders met in Egypt on 16th July, Prime Minister Yusuf Raza Gilani handed over an intelligence dossier to his Indian counterpart Manmohan Singh outlining India's alleged role in destabilising Pakistan from Afghanistan. This included funding and training of Balooch militants for the separatist insurgency in Balochistan province, and providing support for the Pakistan Taliban, in particular its leader Baitulla Mehsud."

मैं प्रधानमंत्री जी से कहूंगा कि जब वे इस डिबेट में इंटरविन करें, तो सदन को विश्वास में लेते हुए जरूर बताएं कि क्या उन्हें ऐसा कोई डोज़ियर मिला या नहीं मिला।

THE PRIME MINISTER (DR. MANMOHAN SINGH): I can categorically say no such dossier was ever given to me.

SHRI YASHWANT SINHA (HAZARIBAGH): I am happy. We will rather believe our own Prime Minister than any journalist. I raised this issue only because I wanted the Prime Minister to get up and state in this House that no such dossier has been given and we will say that the issue stands settled for the time being here.

SHRI PINAKI MISRA (PURI): Indeed, no such dossier exists. That is the point.

**श्री यशवंत सिन्हा :** बहुत चर्चा इस बात की हुई कि हमारे प्रधान मंत्री जी क्यों इस बात के लिए तैयार हो गए कि टैरेरिज्म और कम्पोजिट डायलॉग प्रौसैस लिंक नहीं होगा। In fact, the joint Statement says that they will not be linked and goes on to emphasise that they will not be bracketed. दुबारा उस बात को जैसे न कहा कि 'all issues and all outstanding issues' उसी तरह कहा कि They will not be linked and they will not be bracketed. Now, I have heard, because the spin doctors of the Government had been at work और सलैक्टिव लीक मीडिया में होती रही है। बहुत तरह की बातें मीडिया के थ्रू आई हैं लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि डीलिंक्ड अगर हो गया, and they will not be bracketed तो आप इसे किस कंटैक्स्ट में पढ़ेंगे? क्योंकि जब एक ज्वाइंट स्टेटमेंट प्रधान मंत्री जी ने इसके पहले राष्ट्रपति मुशर्रफ के साथ 2005 में इशू किया था तो उसें साफ तौर पर कहा गया था that terrorism will not be allowed to impede the peace process. हम लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की तरफ से उसी दिन बयान जारी करके कहा कि इसका मतलब आप आतंकवादियों को आश्वस्त कर रहे हैं कि आप आतंकवाद करते रहो और हम बातचीत भी करते रहेंगे। वे खुद उस लाइन पर नहीं चल पाए, यह दूसरी बात है। डीलिंक नहीं होगा। वह डीलिंक हो जाएगा, उसके बाद हम यह कह रहे हैं कि all issues, including all outstanding issues जब आप ऑल इश्यूज कह रहे हैं तो उसमें ऑल आउटस्टैंडिंग इश्यूज क्यों नहीं इंक्लूडेड हैं? ऑल आउटस्टैंडिंग इश्यूज से क्या मतलब है और अगर मुझे जरा भी इन चीजों का ज्ञान है तो मैडम, मैं आपसे कहना चाहूंगा कि जब भारत पाकिस्तान के कंटैक्स्ट में आप ऑल आउटस्टैंडिंग इश्यूज की बात करते हैं तो उसमें जम्मू-कश्मीर शामिल होता है और पाकिस्तानियों ने इस बात को स्पष्ट किया है। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री ने स्वयं कहा है कि ऑल आउटस्टैंडिंग इश्यूज का मतलब जम्मू और कश्मीर है। मुझे कोई एतराज नहीं है, कम्पोजिट डॉयलॉग में जम्मू और कश्मीर भी एक मुद्दा है। आप बात कीजिए। We have nothing to hide on Jammu and Kashmir also. लेकिन उससे बचकर स्पिन डॉक्टर गवर्नमेंट को यह बता रहे हैं कि बड़ा भारी अचीवमेंट हमारा हो गया। that the 'K'

word did not occur. बड़ा भारी अचीवमेंट हो गया तो आउटस्टैंडिंग इश्यूज क्यों लिखा है? With all humility I would like to ask the Prime Minister of India, the Prime Minister of the democratic, socialist, secular republic of India, why did he agree to call Pakistan, the Islamic Republic of Pakistan? Is India committed to islamisation of Pakistan? कल अगर पाकिस्तान वाले खुद तय करें, we will become secular ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: please sit down.

… (*Interruptions*)

SHRI YASHWANT SINHA : Is India committed, is India interested in Pakistan remaining Islamic all the time? क्या मतलब है? And, this is a statement, this sentence is not a joint statement, coming from the Prime Minister of India. इस बात को भारत के प्रधान मंत्री कहते हैं। बहुत सारे डॉक्यूमेंट्स हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच में हैं जिसमें हम कहते हैं पाकिस्तान। बहुत आगे बढ़ते हैं तो हम कहते हैं रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान। लेकिन इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान हम अपनी तरफ से कभी नहीं कहते हैं। वे कहें, हमें इसे कहने की क्या जरूरत है।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Please sit down.

… (*Interruptions*)

**श्री यशवंत सिन्हा :** महोदया, पाकिस्तान इन्फार्मेशन शेयरिंग है कि टेररिज्म के बारे में हम एक दूसरे के साथ रियल टाइम क्रेडेबल इन्फार्मेशन शेयर करेंगे। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि यही तो नीयत थी जब हमने हवाना में कहा कि हम ज्वाइंट टेरर मेकेनिज्म बनाएंगे। पाकिस्तान के साथ कम्पोजिट डॉयलाग में टेररिज्म भी एक मुद्दा है। दोनों मुल्कों के होम सैक्रेट्री समय-समय पर मिलते हैं और इसके बारे में बात करते हैं। इससे भी संतुष्ट न होते हुए प्रधानमंत्री जी ने हवाना में वर्ष 2006 में अलग से दोनों मुल्कों के बीच ज्वाइंट टेरर मेकेनिज्म बनाया। अब हम 2006 से 2009 की बात कर रहे हैं, क्या इन तीन वर्षों में दोनों मुल्कों के बीच रियल टाइम क्रेडेबल इन्फार्मेशन शेयरिंग नहीं हुआ? हमारे पास अमेरिकन दस्तावेज हैं जिसमें अमेरिकन्स ने कहा है कि वे इसमें एम्पायर की भूमिका निभा रहे हैं, इन दोनों देशों की इन्टेलिजेंस एजेंसियों को साथ ला रहे हैं और इन दोनों के बीच जब मतभेद होता है तब वे इसमें जज का काम करते हैं, इसके साथ वे एन्श्योर कर रहे हैं कि दोनों देशों की इन्टेलिजेंस एजेंसियां साथ मिलकर काम करें। जब सितंबर में यूएन जनरल असैम्बली का सेशन होगा तब दोनों देशों के विदेश मंत्री आपस में मिलेंगे। लेकिन इससे पहले ही हम कह रहे हैं - the Foreign Secretaries will meet as often as necessary. अभी जुलाई खत्म

हो रहा है, अगस्त का एक महीना बचा है। सितंबर में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मीटिंग होगी लेकिन as often as necessary कितनी बार मिलेंगे? पांच बार मिलेंगे? दस बार मिलेंगे? क्या बात करेंगे?

महोदया, मैं बहुत गंभीरता के साथ इस बात को कहना चाहता हूं कि जो ज्वाइंट स्टेटमेंट शर्म अल-शेख में इश्यू हुआ, शायद इसकी स्याही भी नहीं सूखी होगी जबकि दोनों प्रधानमंत्रियों ने उस स्टेटमेंट को चिथड़े-चिथड़े करके फेंक दिया। शायद दुनिया में दो देशों के बीच ऐसा कोई ज्वाइंट स्टेटमेंट नहीं हुआ होगा जिसका इन्टरप्रटेशन इतना वाइडली अपार्ट है जैसा कि प्राइम मिनिस्टर गिलानी और प्राइम मिनिस्टर मनमोहन सिंह ने किया। प्राइम मिनिस्टर गिलानी ने बाहर निकलते कहा -

"It is a great diplomatic victory for Pakistan."

I heard it with my own ears. He came out and said that it was a great diplomatic victory for Pakistan. He interpreted the Joint Statement to mean that India had agreed to revive the composite dialogue process. हमारे प्रधानमंत्री जी ने क्या कहा जब वे शर्म अल-शेख में मीडिया को मिले। शायद इनको जाकर किसी ने बताया होगा पाकिस्तानियों ने लीड ले लिया है, आप भी मीडिया को मिलिए। ये मीडिया को एक घंटे के बाद मिले और कहा -

"Unless and until the terrorism is tackled and terror infrastructure dismantled, I will not be able to carry public opinion with me."

You are absolutely right Mr. Prime Minister. The public opinion in India will not be with you unless you hold Pakistan to these two issues – terrorism must end and the infrastructure of terrorism must be destroyed in Pakistan for ever. ये सब कुछ हो गया, लेकिन फिर क्या हुआ? जब यहां देश में इस बात की चर्चा शुरू हुई कि प्रधानमंत्री जी शरम-अलशेक से क्या करके आ गए तब सरकार के स्पिन डॉक्टर एक्टिव हो गए।, ...(व्यवधान) अब हमारे विदेश राज्य मंत्री यहां बैठे हैं, बहुत अनुभवी हैं। इनसे ज्यादा डिप्लोमेसी में अनुभव किसका होगा? इन्होंने यूनाइटेड नेशन्स में काम किया है। यूनाइटेड नेशन्स में तो खाली डिप्लोमेसी होती है। इन्होंने क्या कहा -

"No, no. This is only a diplomatic paper and not a legal document. Dismiss it as a diplomatic paper."

This was a Joint Statement. यह सरकार पहले तो भूल गई थी, लेकिन अब जनवरी 6, 2004 के उस स्टेटमैन्ट की दुहाई देती है, जो प्रधान मंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय इश्यु हुआ था, जब वह इस्लामाबाद सार्क समिट के लिए गए थे। Let me remind him that this was only a Joint Press Statement. It was not even a Joint Statement. What was issued in Islamabad on

January 06, 2004 was a Joint Press Statement और आज आप ही की सरकार उसकी दुहाई देती है, जब मैंने प्रधान मंत्री जी को कोट किया, जब उन्होंने कहा Pakistan's territory should not be allowed to be used. What was the language? That language was in that January 06, 2004 statement. मुझे यह कहते हुए अफसोस है। फिर किसी पदाधिकारी ने कहा कि यह बैड ड्राफ्टिंग है और मामला यहीं पर नहीं रुका, उन्होंने कहा बैड ड्राफ्टिंग है, These things happen. Bad drafting and these things happen; it is not a legal document; it is only a diplomatic paper. तो मैं चाहता हूं कि सरकार उठकर इस सदन में आज बोल दें कि हम नहीं मानते, वह बैड ड्राफ्टिंग है।

अब जो भी हुआ, जो भी परिस्थिति थी। लेकिन विदेशी मामलों का मेरा जितना अनुभव है, मैं इतना कहना चाहूंगा कि जब ड्राफ्टिंग होती है और खासकर जब समिट मीटिंग्स होती हैं तो ड्राफ्ट अचानक तैयार नहीं हो जाता। ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए बहुत समय लगाया जाता है। ड्राफ्ट के एक-एक शब्द को देखा जाता है। ड्राफ्ट में कोमा, फुल स्टॉप कहां है, उसे भी देखा जाता है और हर चीज पर ध्यान देने के बाद ही ड्राफ्ट फाइनलाइज होता है। फिर किस तरह ड्राफ्ट बना। मैंने किसी अखबार में पढ़ा, फिर स्पिन डाक्टर्स के सहारे, कि नहीं, नहीं, वहां तो दोनों प्रधान मंत्री कुछ समय के लिए मिले, उसके बाद दोनों देशों के विदेश सचिवों को बुलाकर कहा कि हम लोगों की यह बातचीत हो गई है, अब इस पर ड्राफ्ट कर लो और दो घंटे दोनों विदेश सचिव बैठकर ड्राफ्टिंग करते रहे। विदेश मंत्री जी कहां थे, मुझे पता नहीं। लेकिन दोनों ड्राफ्टिंग करते रहे और उसके बाद उन्होंने अपने-अपने प्रिंसिपल्स को ड्राफ्ट दिखाया होगा और तब ड्राफ्ट अप्रूव हुआ होगा। मुझे भी वर्ष 2004 के ड्राफ्ट का कुछ अनुभव है और मैं इस सदन में जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि जब इस तरह का फाइनल ड्राफ्ट श्री अटल बिहारी वाजपेयी के सामने आया तो उन्होंने एक-एक लाइन, एक-एक शब्द पढ़ा और उसके बाद उसमें अमैन्डमैन्ट सजैस्ट किया। इस-इस वाक्य को इस वाक्य के पहले ले जाओ और जो लोग बातचीत कर रहे थे, उन्होंने कहा कि अगर वे लोग नहीं माने तब, हम लोगों के इस्लामाबाद से जाने का समय हो रहा था और प्रधान मंत्री, श्री वाजपेयी ने कहा कि अगर वे मानेंगे तो यह इश्यु होगा और नहीं मानेंगे तो हम घर जायेंगे, कोई जरूरी नहीं है कि कोई स्टेटमैन्ट जारी हो। कोई जरूरी नहीं है कि हर मीटिंग के बाद कोई स्टेटमैन्ट जारी हो और हमें सूट नहीं करता है, हम स्टेटमैन्ट जारी नहीं करेंगे। हम लोगों ने आगरा में स्टेटमैन्ट नहीं किया। नहीं हुआ, नहीं हुआ, बातचीत हुई, नतीजा नहीं निकला, स्टेटमैन्ट जारी नहीं होगा तो प्रधान मंत्री जी ने कहा I am prepared to walk more than half the

distance. I am saying he has walked all the way.* He has gone to the Pakistani camp and acted exactly as they said. Where is the half way? … (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया, मैं आपसे कहना चाहता हूं ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Hon. Member, you may take your seat for a minute. There is a point of order.

SHRI ADHIR CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Madam Speaker, I would like to quote Rule 353 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha. It says:

> "No allegation of a defamatory or incriminatory nature shall be made by a Member against any person unless the Member has given (adequate advance notice) to the Speaker and also to the Minister concerned so that he Minister may be able to make an investigation into the matter for the purpose of a reply:"

मैडम, यह कह रहे हैं कि … (*Interruptions*) * पाकिस्तान में चला गया, पाकिस्तान में कौन जा रहा है? It should be deleted.

MADAM SPEAKER: Hon. Member, I have to look into it. You have made your point.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Shri Sinha, please continue.

… (*Interruptions*)

**श्री यशवंत सिन्हा :** अध्यक्ष महोदया, मैं इस मामले पर प्रधानमंत्री जी से चन्द सवाल करना चाहता हूं।

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: I will look into it.

… (*Interruptions*)

SHRI YASHWANT SINHA : I want to put some questions to the hon. Prime Minister and I hope he will be good enough to answer them. The first question is this. Firstly, has the trust deficit between India and Pakistan, after the

---

* Expunged as ordered by the Chair.

Joint Statement and meeting, widened or narrowed? Secondly, what changed between 16th June, when he met President Zardari, and 16th July, when he met Prime Minister Gilani at Sharm El Sheik? What has brought about this complete change of heart? What has happened? Thirdly, Pakistan has already gone to town on Baluchistan. But the Prime Minister has said that there was no dossier given. So, I am not asking that question. Then, what are the achievements of the anti-terror mechanism set up after 2006 in Havana? The Prime Minister has said it in his Joint Statement of 4th April, 2005. It was a ringing statement saying that the peace process between India and Pakistan was now irreversible. Does he stand by it now, that the peace process between India and Pakistan is irreversible and that they will go on doing what they like? फिर भी यह चलता रहेगा? पाकिस्तान के मसले पर मैं प्रधानमंत्री जी से बड़े अदब के साथ कहना चाहूंगा कि इतिहास की शुरुआत सन् 2004 से नहीं हुई जिस दिन वह प्रधानमंत्री बने। भारत-पाकिस्तान संबंधों का एक लम्बा इतिहास है। मेरा कहना है कि जो भी इन लम्बे संबंधों के डगर हैं, ठहराव हैं, मुकाम हैं, उन्हें इग्नोर करके चलेगा, तब भी उसे कभी भी सफलता नहीं मिलेगी।

अध्यक्ष महोदया, प्रधानमंत्री जी ने मुशर्रफ साहब से बात की, हमने भी की। मुशरर्फ साहब जब राष्ट्रपति थे, उन्होंने एक पुस्तक लिखी - "In the Line of Fire". आप इस पुस्तक को पढिये। As President of Pakistan, he is writing that book and let me tell you, when I went through that book, the feeling that he has about India. भारत उनका शत्रु देश है। ऐसा उन्हों ने पचास जगह पर लिखा है कि भारत हमारा शत्रु देश है I gave them a bloody nose here; Kargil was a great success. आप इस तरह के लोगों से डील कर रहे हैं ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Whatever is unparliamentary in the hon. Member's speech may be deleted.

… (*Interruptions*)

**श्री यशवंत सिन्हा :** अध्यक्ष महोदया, मैं प्रधानमंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि जो शरम-अल-शेख में हुआ है, सातों समुद्र का पानी इकट्ठा करके अगर उस शर्म को धोने का प्रयास हम लोग करेंगे तो वह शर्म नहीं धुलने वाली है। All the waters of Neptune will not wash away the shame of Sharm-el-Sheikh.… (*Interruptions*) अध्यक्ष महोदया, इंडिया टुडे में बहुत से लोगों ने लिखा है। लेकिन इंडिया टुडे ने इस सरकार का इतना समर्थन किया, इतना समर्थन किया कि हमारे जैसे लोग न्युक्लीयर

डील के मामले में परेशान हो गये थे । इश्यू ऑफ्टर इश्यू वे न्यूक्लियर डील में सरकार का समर्थन करते रहे। इंडिया टुडे ने अपने लेटेस्ट अंक में फ्रंट पेज पर टिमिड इंडिया कहा है। इसमें अंदर की तरफ लिखा है कि "As a result of the surrender at Sharm-el-Sheikh, the impression has gone out that India is negotiable" This is what they have said.

महोदया, इसके बाद प्रधानमंत्री जी इटली में लाकिला गये। इसमें दो इश्यू हैं, एक क्लाइमेट चेंज का इश्यू है, मैं अभी प्रश्न काल में सुन रहा था और श्री जयराम रमेश जी ने कहा कि हम क्वांटिटिव रिस्ट्रिक्शंस को स्वीकार नहीं करेंगे, कैप्स को स्वीकार नहीं करेंगे। मैं चाहता हूं कि जो दो डिग्री सेल्सियस कम करने की बात हुई है, वहां तक लिमिट करने की बात हुई है और दूसरी बात पीकिंग की हुई है, It must peak.

महोदया, मैं आपके माध्यम से थोड़े शब्दों में सदन में कहना चाहता हूं कि आज *per capita* emission of green house gases in the US is 20 tonnes. भारत का स्थान पर-कैपिटा-एमीशन में 137वां है। अगर आप इसके ऊपर कैप स्वीकार कर लेंगे कि प्रतिबंध लगे under that peaking formula, we will be limited to only three tonnes. इसीलिए मैं चाहता हूं कि प्रधानमंत्री जी इस सदन में खड़े होकर आश्वस्त करें कि भारत किसी भी परिस्थिति में प्रतिबंध को स्वीकार नहीं करेगा। कोपनहेगन में जब क्लाइमेंट चेंज का कांफ्रेंस होगा तो मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं, इस सदन को सूचना देना चाहता हूं कि अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने ऑलरेडी इस संबंध में एक कानून पास कर दिया है। जिसके अंतर्गत जो देश अमेरिका के स्टैंडर्ड पर नहीं चलेंगे, उन देशों की उन वस्तुओं के ऊपर जो अमेरिका को निर्यात होंगी, वे प्यूनिटिव टैरिफ लगायेंगे। यूएस ट्रेंड रिप्रेजेंटेटिव्स को यह अधिकार दिया गया है, वह बिल सीनेट से पास होगा और उसके बाद लॉ बन जाएगा। आज मैं इस सदन के माध्यम से सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि अगर सरकार ने इस इश्यू पर झुकने का काम किया तो हम इस इश्यू पर भी सरकार को आड़े हाथों लेंगे।

महोदया, इसके बाद न्यूक्लियर डील के बारे आया कि ENR – Enrichment and Reprocessing Technology हमें मिलेगी या नहीं मिलेगी। हमारे नेता सदन यहां बैठे हैं, इन्होंने दूसरे सदन में बयान दिया कि we are not deeply concerned तो किसी अखबार वाले ने पूछा कि "Are you mildly concerned? Are you casually concerned if you are not totally concerned? Are you moderately concerned?" लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि, इस पर बहुत बहस हुई जुलाई 2008 के बाद, जब इसी सदन में पिछली सरकार ने वोट ऑफ कॉन्फिडेंस लिया, जैसे हम सब लोगों ने न्यूक्लियर डील को भूलने का काम किया। न्यूक्लियर डील के ऊपर चर्चा ही नहीं हुई। प्रधानमंत्री जी ने कहा

था कि वह पार्लियामेंट के सामने आएंगे, वे नहीं आए। हमने किसी ने चर्चा नहीं मांगी और इसलिए हम भूल गये कि हमारा जो वन-टू-थ्री एग्रीमेंट यूएस के साथ हुआ था, जब वह अमेरिका में कानून बना तो उस कानून में सैक्शन 204 में बिल्कुल साफ लिखा है कि भारत को अमेरिका इनरिचमेंट और रीप्रोसेसिंग टैक्नोलॉजी और इक्विपमेंट्स नहीं देगा। इसके बाद यह भी लिखा है कि वह एनएसजी, न्यूक्लियर सप्लायर्स ग्रुप के साथ काम करेगा ताकि कोई और दूसरा देश वह टैक्नोलॉजी और इक्विपमेंट भारत को न दे पाए। अब यहां पर अपने डॉक्टर्स क्या कह रहे हैं कि नहीं, नहीं हम री-प्रोसेस करेंगे। प्रधानमंत्री जी फ्रांस गये, यहां खबर छपी कि प्रेसीडेंट सरकोजी ने उन्हें आश्वस्त किया है कि हम फ्रांस से जो फ्यूल लेंगे, उसे वह री-प्रोसेस कर सकते हैं, रूस से कर सकते हैं। री-प्रोसेसिंग का सवाल नहीं है, सवाल है technology and equipment for the reprocessing. हम अभी तक जो अपना फ्यूल खर्च करते रहे हैं, उसका री-प्रोसेसिंग तो करते ही हैं। अमेरिका ने सिर्फ यह कंडीशन लगाई है कि अमेरिका से हम जो लेंगे, उसके लिए हमें एक विशेष संयंत्र बनाना पड़ेगा। हम अपने इक्विपमैंट से, अपने पैसे से, अपनी टैक्नोलॉजी से उसको बनाएँगे और उसके बाद वह हमें परमीशन देगा या नहीं, यह आगे की बात है। यह बिल्कुल साफ है कि नॉन एनपीटी मुल्क जिसमें भारत है, उसको किसी भी हालत में नहीं दिया जाएगा। इसमें इन्होंने खुद कहा जब ये अमेरिका गए और उस समय के राष्ट्रपति बुश के साथ इनकी शायद अंतिम मुलाकात हुई, तो सदन को याद होगा, उन्होंने कहा – "The people of India love you, Mr. Bush." वही मिस्टर बुश ने जब 10 सितम्बर को अपना प्रैज़ीडैंशियल रिकमंडेशन भेजा, उसमें उन्होंने कहा - हम नहीं देंगे भारत को सैंसिटिव टैक्नोलॉजी। कोंडेलीज़ा राइस ने सदन की जो हाउस कमेटी है फॉरैन अफेयर्स की, हाउस ऑफ रेप्रैज़ेन्टेटिव्स की, उसके अध्यक्ष हार्वर्ड बैरमैन को यह एश्योरैन्स दिया - There is not only no question of transferring the technology to India, but we will work with the NSG to make sure that the NSG puts a ban. एनएसजी में जितने 45 मैम्बर्स हैं, उसमें चीन को छोड़कर इन्हीं आठ देशों के पास यह कैपेबिलिटी है कि वह टैक्नोलॉजी और इक्विपमैंट दे सकते हैं। उन्होंने मना कर दिया। एनएसजी में अभी सहमति नहीं हुई है, लेकिन लाक्विला, इटली में जो स्टेटमैंट उन्होंने दिया, उसमें इन्होंने उसको मना कर दिया। क्या हम कहें कि अमेरिका दोषी हैं? नहीं। क्योंकि अमेरिका ने बराबर स्पष्ट किया है, हम लोग भी बराबर स्पष्ट करते रहे। प्रधान मंत्री जी दोनों सदनों में खड़े होकर कहते रहे - full civil nuclear cooperation and trade, इन्होंने कहा नहीं मानेंगे, अगर इस तरह का प्रतिबंध लगेगा। मेरे पास उनके सारे स्टेटमैंट्स हैं जो उन्होंने दोनों सदनों में दिये हैं। मैं क्या कहूँ? मैं इतना ही कह सकता हूँ बहुत दुख के साथ कि प्रधान मंत्री जी ने

जितने प्लैजेज़ दिये दोनों हाउसेज़ को, उसको तोड़ने का काम उन्होंने किया है, he has not been able to keep those promises. ...(व्यवधान)

महोदया, अंतिम मुद्दा मैं उठाना चाहता हूँ। इस सदन में मैंने उठाया था end use से जो एग्रीमैंट हुआ था। End use से एग्रीमैंट हमने क्यों किया यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ। उस दिन विदेश मंत्री जी सदन में आए। जो स्टेटमैंट इन्होंने किया, उसमें सिर्फ दो वाक्य हैं End use एग्रीमैंट के बारे में, मॉनीटरिंग एग्रीमैंट के बारे में। हम जितने अंधकार में पहले थे, उतने ही अंधकार में आज भी हैं। इसलिए मैं प्रधान मंत्री जी से और विदेश मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि जब वे जवाब देने के लिए खड़े हों तो सदन को विश्वास में लेते हुए बताएँ कि End use से एग्रीमैंट में उन्होंने अमेरिका के साथ क्या किया है? इसी बीच में फिर स्पिन डॉक्टर्स गवर्नमैंट के चालू हो गए। चालू हो गए तो उन्होंने क्या कहा - एनडीए जब शासन में थी तो हमने भी अमेरिका से वैपन लोकेटिंग राडार्स खरीदे थे। उसमें मीडिया में यहाँ तक कहलवाया गया कि उसमें End use से एग्रीमैंट लगा हुआ है। यह भी कहा गया कि अमेरिकन इंस्पैक्टर्स ने आकर यहाँ पर उन राडार्स की जाँच भी की । मैं यहाँ कहना चाहता हूँ, मेरे पास सरकारी फाइलें नहीं हैं, आपके पास सरकारी फाइलें हैं, कृपया खड़े होकर स्पष्ट करें कि जब हमने वैपन्स लोकेटिंग राडार 2002 में अमेरिका से खरीदा तो क्या उसमें End use से एग्रीमैंट था? मेरी सूचना है कि नहीं था। आप सदन को गुमराह करेंगे तो मेरे पास उस दस्तावेज़ की कॉपी है। मैं बता दूँगा कि क्या लिखा है। समझे? ...(व्यवधान) इसलिए आप यहाँ पर ज्यादा हल्ला-गुल्ला मत कीजिए। ...(व्यवधान) इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि क्या किया है, सदन को विश्वास में लीजिए। End use से एग्रीमैंट का मतलब क्या होता है? एन्डयूस एग्रीमेंट, क्लाइमेट चेंज, न्यूक्लियर डील और पाकिस्तान, चार जो बड़े-बड़े खम्भे थे, जिस पर हमारी विदेश नीति टिकी हुई थी, वह मेट्रो की तरह ध्वस्त हो गई है। मेट्रो को उठाने के लिए कंक्रीट का पिलर तो फिर से खड़ा किया जा सकता है, लेकिन विदेश नीति का पिलर, जिस पर इस देश की प्रतिष्ठा टिकी हुई है, वह अगर गिर जाए तो हमारी प्रतिष्ठा गिरती है।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Do not interrupt. Please sit down.

**श्री यशवंत सिन्हा :** महोदया, मैं यह कहना चाहता हूं कि विदेश नीति में इतनी भयानक भूल, इतने कम समय में, शायद भारत के इतिहास में कभी नहीं हुई है that within such a short period of time, we have piled up one mistake after another. I do not know where the foreign policy of India today is.

SHRI P.C. CHACKO (THRISSUR): Madam Speaker, we have been waiting with great attention and interest that the senior leader of the main Opposition Party, an experienced foreign policy expert and former External Affairs Minister, will throw some light on the issue which we are discussing.

Madam, I must say that Yashwant Sinha Ji, with all his experience and information in his hands and the articulation, could not prove the point which he was arguing. He has been always an expert in arguing weak cases but today he has miserably failed in his attempt.

I feel that, at least, he will justify his own Party's programme of *Padyatra* from Parliament to Rashtrapati Bhavan yesterday. We thought that he would be able to justify that *Padyatra.* Not only that Yashwant Sinha Ji has disappointed this whole House but he has disappointed his own Party men. I have been watching the faces of his colleagues sitting at the back and the pale of gloom on the faces of his colleagues is an ample proof that Yashwant Sinha Ji could not even convince his own Party colleagues.

Madam, I legitimately expected that like Mr. Jaswant Singh, the other day, had complimented our Finance Minister, after these allegations which they have to do as a ritual to justify their stand, finally he will come out with, at least, a word of compliment to our hon. Prime Minister. Even that he did not do. I am really sorry about it.

Madam, he has seen some cracks in the pillars on the Metro Rail here, which we have all seen. He has seen some cracks in our foreign policy pillars also, which none of us are able to see those cracks in the foreign policy pillars… (*Interruptions*) Madam, there was something which also I will tell them and if they are interested they should patiently listen to it.

Madam, the foreign policy pillars of this country were not shaken when the hon. Prime Minister went to Sharm-el-Sheikh but when the former Prime Minister went in a bus from here to Lahore. When he reached Lahore, at that point of time,

our foreign policy pillars were shaking because in Kargil the Pakistani soldiers were infiltrating into India.

Madam, he has rightly said that Mumbai Attack was an attack on the sovereignty of India. Yes, we do agree. That was reiterated in clear terms by the Prime Minister in this Joint Statement – I will read that wording later. But Madam, there was another attack, which we, sitting here in this House, cannot forget. This happened in 2001 when Shri Atal Bihari Vajpayee was the Prime Minister of this country. Hon. Advani *ji* was the Home Minister of this country. This very citadel of the Indian Parliament was attacked. … (*Interruptions*) It is good to remember Bombay. We will always remember Bombay… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please listen to him.

… (*Interruptions*)

SHRI P.C. CHACKO : But, when this Parliament was attacked… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Please sit down. Please listen to him.

… (*Interruptions*)

SHRI P.C. CHACKO : As once said by our hon. Prime Minister, the *lohpurush*, the strong man of BJP, was sleeping when he was the Home Minister and when this Parliament was attacked. It was an eye ball to eye ball fight. It was almost a war on India.

**15.56 hrs.**

(Shrimati Sumitra Mahajan *in the Chair*)

What happened after the Parliament attack? Then happened the Agra Summit. Yashwant Sinha *ji* is against any dialogue with Pakistan. Is that the position of India? Is that the position of this country that we will not talk to Pakistan, we will not talk to any other country? Sorry, Yashwant Sinha *ji*, that is not the position of this country. We are for the dialogue in the country and your Prime Minister with all fanfare went to Agra for discussion. What happened there? President Musharraf came to Agra. You hosted him and he was taken around Taj Mahal. The whole country was watching. He went back without signing a joint

declaration. He went back accusing India. That is what happened there. The Agra conclave was held in the background of the attack on the Parliament. Please do not forget this. You may be quoting many instances; there are umpteen instances we can quote that you never had the self-respect when you raised the issue with Pakistan. You were never bold enough to speak to them in the language in which the Prime Minister is speaking. I would like to quote:

> "Prime Minister Singh reiterated the need to bring the perpetrators of the Mumbai attacks to justice. Prime Minister Gilani assured that Pakistan will do everything in its power in this regard. "

Has Pakistan ever agreed or ever come to these terms in the past? Can Yashwant Sinha *ji* tell us? Pakistan was always saying that we have nothing to do with the Bombay attack. Pakistan was always saying that Kasab is not a citizen of Pakistan. Pakistan was always saying: "Why should we bother about it? We have nothing; we are not going to do any inquiry." When our Prime Minister said that the perpetrators of that crime should be brought to book, what was the reaction of Mr. Gilani? Yashwant Sinha *ji*, you please accept, when the Prime Minister of this country talked in unmistakable terms, what is the sentiment of this country? … (*Interruptions*)

**सभापति महोदया:** आप अपने ही व्यक्ति को डिस्टर्ब कर रहे हैं।

… (*Interruptions*)

SHRI P.C. CHACKO : Madam Chairman, it is all the more interesting. They are speaking in the name of the people… (*Interruptions*) Hon. Yashwant Sinha *ji*, the Spokesperson of the principal Opposition Party, I request the BJP Members to at least see how they pick up courage to speak on behalf of the people. It is a party which even elected a Prime Minister before the election. No other party has ever elected a Prime Minister before the election. But they were outright rejected by the people. Such a party is coming and is today speaking on behalf of the people. Here a Prime Minister is sitting who was elected by the people.… (*Interruptions*)

I am not yielding. Here a Prime Minister is sitting who has got the support of the people of this country. There is a person who spoke on behalf of the BJP which is a party rejected by the people. With what courage you are speaking on behalf of the people?

**16.00 hrs.**

So, please do not speak on behalf of the people; speak on behalf of you.

Madam, there were some instances. I am not going into the details. When the BJP Government went to discuss with the President Musharaf in Agra, those days there was an interesting inside story in the BJP. Madam Chairperson, you may also be knowing about that. The Home Minister of this country was not aware of what was going to happen in Agra. That was the talk in those days. Shri Advani's view was that he was not aware of what was happening in Agra. Finally, insulting this country, Musharaf went from Agra issuing a statement against this country. These are all facts. … (*Interruptions*)

SHRI YASHWANT SINHA : Shri Advani was present in Agra at that time. आप क्या बोल रहे हैं।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आप बैठिए। आप अपने टाइम पर बोलिए।

...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN : Shri Chacko, you will have to conclude now.

… (*Interruptions*)

SHRI P.C. CHACKO : Madam, please tell them not to disturb me. Even senior Members are disturbing me. What to do? … (*Interruptions*)

I now come to the point about the composite dialogue; that is the main point which Shri Yashwant Sinha was explaining. About the dialogue, our position is that we are for the dialogue. As to when the composite dialogue should start, we have made it very clear. It should not be linked to the composite dialogue; that is what they have complained. 'Linked to the composite dialogue' means what? Madam, one can have a simple reading and even a reading between the lines It is not that

Shri Yashwant Sinha ji cannot understand this. He is distorting and misleading this House. Madam, what is happening is that whether there is dialogue or no dialogue, we want Pakistan to take action. That is the meaning of this sentence. We want Pakistan immediately to proceed with anti-terrorism actions. Against terrorism, any action cannot wait. Pakistan should take action against terrorism. So, we want Pakistan to take action against terrorism. India and Pakistan have jointly declared that every step will be taken by both the countries against terrorism. That means, the composite dialogue will take place at some point of time. We will decide the time; we have to decide and we will decide when we start the dialogue. At the same time, we are for the dialogue. This is made very clear.

Madam, you see the action taken by Pakistan. Pakistan initially refused to admit that it is their citizen who created the problem in Mumbai. Now, you see what they have done. Madam, there is a diplomatic success of the Prime Minister and the Foreign Minister of this country. Why do they not admit that? Shri Yashwant Sinha is a former External Affairs Minister and also a former bureaucrat.

Madam, what is happening in this field? Pakistan has arrested five terrorists who had links with the Mumbai incident. Those terrorists are going to put to trial in Pakistan. We are not happy and we are not satisfied with that. Our Prime Minister has told Pakistan in unambiguous terms that you book everyone with this incident of Mumbai, until then we are not happy. Now, the process has started. Pakistan is on the defensive. Till now, they were saying that Pakistan has nothing to do with that. Now, they have admitted and said: "Yes, Kasab is a citizen of Pakistan. We have booked five of them. We are continuing with the inquiry." Whose success it is? Shri Yashwant Sinha should say that.

Madam, the then BJP Government could not even achieve one-tenth of what this Government is achieving today. Madam, at the same time, I still want to reiterate that India has got a position; India has got a very firm position. For your information, I want to say that India will go for the composite dialogue only when Pakistan is taking concrete action to book all the culprits behind the incident in

Mumbai to the satisfaction of this country. It is our prerogative to fix the time for the composite dialogue, and we will decide that.

Madam, there is some very interesting reference that is being made; a reference about Baluchistan. Shri Yashwant Sinha has said that a reference about Baluchistan has never been mentioned in the Statement in the history of this country. He said that after the discussion, the Statement has mentioned about Baluchistan, and this he said as if the whole sky is going to fall down; he wanted to know why Baluchistan has been mentioned in that.

Madam, Baluchistan is an internal affair of Pakistan. If Pakistan wants to mention about Baluchistan, why should we oppose it? I do not understand the logic of his argument. He also said that Kashmir should not be a part of an international dialogue and discussion. It is our internal affair. We fought it like anything. I think, Yashwant Sinhaji also might have taken that line when he was holding responsible positions, that Pakistan cannot be mentioned in an international document. We did not allow Kashmir to be mentioned in this document. But Balochistan is mentioned in this document. Okay; it is Pakistan's internal affair. If it is brought into the text, it is not going to affect us in anyway. We have not contributed; we have not talked with them. It is not binding on us. If the Pakistani Prime Minister feels that he has some information about Balochistan, okay, let him give us the information. Let whatever information may come. We condemned terrorism in any form, in any part of the world perpetuated by anybody in unmistakable terms. That is the message of this text.

At the same time, merely mentioning Balochistan is not everything. Who is teaching us lessons on patriotism? I am sorry – before also I said it in this House – that the then External Affairs Minister of the BJP-led Government escorted a dreaded terrorist in a special flight to Kandahar… (*Interruptions*)

How soon do you forget this? Shahnawaz Hussainji, how can you forget it?… (*Interruptions*) The people would never forget it… (*Interruptions*) After the attack on our Parliament, you were celebrating in Agra! After you escorted a

dreaded terrorist to Kandahar, now you are blaming the Congress! Please, we do not need any lesson from the BJP on patriotism.

Madam, it was raised as to why the hon. Prime Minister has agreed that Pakistan is an Islamic country. It is very interesting. According to the Constitution of Pakistan, Pakistan is an Islamic Republic… (*Interruptions*) You may agree; you may not agree but that is part of the history.

Yashwant Sinhaji, do not find fault with anything and everything. You are a senior person. We still respect you for certain things. Only you are a convert to BJP; you are not originally a BJP man… (*Interruptions*) How can you find fault with each and everything?

Madam, what is happening in the neighbourhood? Our relations with Bangladesh, our relations with Bhutan, our relations with Nepal, our relations with China, our relations with Sri Lanka are cordial. In and around -- you were also sitting in that Chair -- what is the position today? What we achieved in the last 365 days, you would not have achieved even one-tenth of that in 10 years time – I can challenge you… (*Interruptions*)

About the Statement, I am happy and I am thankful to you that you have raised this issue. You made an exercise in vain, doing a *Padyatra* from here to Rashtrapati Bhavan. Hon. Rashtrapatiji might be very much amused that you had made this representation. But you cannot befool the people of this country. You may try. You may still go on trying … (*Interruptions*)

SHRI YASHWANT SINHA : Please, do not bring Rashtrapatiji here… (*Interruptions*)

SHRI P.C. CHACKO : But in the recent General Elections also, after having this verdict, if you are not convinced, nobody can help you. Even God cannot help you because you do not know the psychology of the people of this country… (*Interruptions*)

Madam, the core issue is that we want to see that Pakistan behaves as a responsible nation. We have made it very clear to Pakistan that Pakistan should

behave properly. I cannot think of a better wording. They said about poor drafting, good drafting, etc. Those who were good draftsmen in the past can say that, but today, this is containing the exact warning that India should give to our neighbours when they are misbehaving. We want them to behave. That is the message given to them.

This Statement is only a routine thing. Indeed, in such international meetings, joint statements are being issued. There is nothing new in it. But we are happy that a Statement has come out. We are happy that Pakistan has agreed to their responsibility. We are happy that Pakistan has agreed– whether they would do it or not, is a matter to be seen… (*Interruptions*) Composite dialogue is an agenda for the future. We would decide the timing.

Action against terrorism is an immediate issue, which we have already said. They are making a hill out of a mole. They are trying to create a wrong impression. They are trying to distort. They are trying to create a misunderstanding among the people. I think, at this late hour, the BJP would realize their folly and they would withdraw from this kind of misleading campaign.

With these words, I conclude.

**श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी) :** सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आज आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। प्रत्येक देश की विदेश नीति होती है और उसमें सर्वोपरि है राष्ट्र का हित। दूसरी बात, जितने ज्यादा से ज्यादा देश हमारे मित्र बन सकें, वह सफल विदेश नीति होती है। जब माननीय प्रधानमंत्री जी अपना बयान देंगे, तब स्पष्ट हो जाएगा कि सच्चाई क्या है? लेकिन देश और आम-जनता में संदेश चला गया है और माननीय प्रधानमंत्री जी मैं आपको सावधान करना चाहता हूं कि आप कितनी भी सफाई दें, लेकिन गलत संदेश चला गया है कि पाकिस्तान के साथ जो बातचीत हुयी, वह दबाव में हुयी। ...(व्यवधान) मैं कहना कोई और शब्द चाहता था, लेकिन ठीक है, दबाव में हुयी। हम इतना जरूर कहेंगे कि जो विदेश नीति है, जो स्थापित हुयी है, उससे आप हटे तो जरूर हैं, क्योंकि या तो इतनी कड़ाई के साथ आपने सामयिक बयान न दिया होता, जिस कड़ाई के साथ आपने कहा कि हम कोई बातचीत नहीं कर सकते, जब तक कि जो आतंकवादी हमारे यहां आए, जिन्होंने मुंबई में निर्दोष लोगों की हत्यायें कीं, हमला किया, जब तक पाकिस्तान उनको सजा नहीं देता या उन्हें हिंदुस्तान के हाथ में पकड़कर नहीं देता है। यह मांग पूरे देश की, पूरे सदन की और आपकी खुद की थी।

सबसे पहला सवाल यही है कि बातचीत क्यों हुयी? जब आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी, जैसी करनी चाहिए थी और इसके बाद उन्होंने उनको आपके हवाले नहीं किया, तो पहले ही सोच-समझकर बयान देना चाहिए था। आप बयान से पलटे हैं। आप बयान से पलट गए, उससे ठीक उलटा हो गया और पाकिस्तान से बातचीत हो गयी। यह बातचीत क्यों हुयी, किस शर्त के आधार पर हुयी?

दूसरी बात यह है कि कितनी गलतियां होंगी? क्या ईरान के संबंध में गलती नहीं हो रही है? आज हम आपको सावधान करना चाहते हैं। आप जरा इतिहास पढ़िए कि ईरान ने कब हिंदुस्तान का साथ नहीं दिया? जब यूएनओ में हम अकेले पड़ गए थे, तब अकेले ईरान हिंदुस्तान के साथ खड़ा हुआ था। लेकिन उस ईरान के साथ क्या आपने बात की? विदेश नीति में, अपने देश के मित्र बनाने की बहुत सारी बातें होती हैं। अमेरिका के साथ जो आपकी बातचीत हुयी, क्या ईरान के संबंध में उससे कोई बात हुयी? ईरान पर अमेरिका घात लगाए बैठा हुआ है, जैसा उसने ईराक के साथ किया। इसलिए आप भी कम दोषी नहीं हैं। ईराक के मामले में हम इसी सदन में थे और बहुत मजबूती के साथ हम खड़े रहे थे। कई नेताओं की और विपक्ष की बातचीत दादा सोमनाथ चटर्जी के चैंबर में हुयी थी। उस समय आप निंदा नहीं कर सके। कुछ और नहीं कर सकते थे, लेकिन निंदा भी नहीं कर सके। फिर आपने फैसला यह किया कि हिंदी में लिख दो निंदा और अंग्रेजी में हल्का शब्द, डिप्लोर लिख दिया। आपकी हिम्मत नहीं हो सकी कि निंदा कहें। ...(व्यवधान) सुषमा जी हैं नहीं, अब क्या कहें। ...(व्यवधान) शब्द का इंटरप्रिटेशन किया गया। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** हर एक का उठकर बोलना आवश्यक नहीं है।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** यह ठीक है कि विदेश नीति में राष्ट्रहित सर्वोपरि है, लेकिन गलतियां हुयी हैं। हम उन गलतियों के बारे में जरूर कहेंगे कि ये बार-बार न हों। बहुत बड़ी गलती हो चुकी है। उस गलती को, कुछ भी हो, कैसे भी हो, ताशकंद में, उसे बरदाश्त नहीं कर सकते। हम अपने इतने महान प्रधानमंत्री को खो बैठे हैं। किन परिस्थितियों में क्या बीमारी की वजह से, क्या झटका लगा, क्या आशंका हुयी, क्या देश से जो खबरें गयी, वह गलत को बरदाश्त नहीं कर सके या कुदरती गलती हुयी। इसी तरह से पाकिस्तान के बारे में एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि युद्ध होता है, तो हिंदुस्तान जीतता है और बातचीत होती है, तो उसमें हिंदुस्तान हारता है। यह हम स्वीकार करते हैं, जो अभी बातचीत हुयी, उसमें हम जीते नहीं हैं।

बातचीत में हमें जीतना चाहिए। उस बातचीत में हम नहीं जीते हैं, हम पीछे रह गए। आप पीछे रह गए क्योंकि आप पिछली विदेश यात्रा में कह चुके थे। जी-8 की मीटिंग में दोहा राउंड के 2010 तक पूरा करने का आश्वासन देना हमारी घोषित नीति के खिलाफ है। जो हमारी नीति है, उस नीति के बारे में हम बार-बार दोहराते रहे हैं कि हम गुटनिरपेक्ष नीति से हट रहे हैं। गुटनिरपेक्षता की नीति जो आजादी के बाद तय हुई थी, उसमें बहुत लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका थी जिसकी नेहरू जी ने अगुवाई की थी और हमारी गुटनिरपेक्ष नीति के चलते दुनिया के तमाम देशों को यह उम्मीद हो चुकी थी जो पिछड़े थे, गरीब थे, छोटे मुल्क थे, कि हिन्दुस्तान गुटनिरपेक्ष की नीति चलाएगा तो उससे हमारी मदद होगी। इस तरह से छोटे और कमजोर देशों में एक सुरक्षा की भावना पैदा हो गई थी। प्रधान मंत्री जी, हमें यह विचार करना पड़ेगा कि अब हम कहां खड़े हैं और हमें कहां जाना था। अभी कहां खड़े हैं और आगे कहां जाना है। इस पर आपको गंभीरता से विचार करना पड़ेगा। हम यह जरूर जानते थे कि विदेश नीति के मामले में आपको बहुत अनुभव है। आपने विदेश नीति के बारे में कई तरह से काम किया है। आप विदेश मंत्री भी रहे हैं। इसके अलावा भी आपको बहुत अनुभव है जिस पर हम बोलना नहीं चाहते, लेकिन उस अनुभव के अनुसार आपकी कहीं न कहीं कमजोरी आई है। आप इस संदेश को पूरे देश की जनता में कैसे ठीक कर पाएंगे, यह देखना आपका काम है। इससे हम भी संतुष्ट नहीं हैं। हम कहना चाहेंगे कि इससे पहले कमलनाथ जी और जेटली जी का स्टैंड फिर भी सही था। यह मानना पड़ेगा माननीय जसवंत सिंह जी, विदेश मंत्री रहे, वह हमारे साथ थे। श्री जेटली और कमलनाथ जी ने जो स्टैंड लिया था, वैसा स्टैंड क्यों नहीं लिया गया, यह विदेश मंत्री जानें कि क्या वजह थी। कमलनाथ जी ने जो अच्छा काम किया था, उस बारे में हम लम्बा भाषण नहीं देना चाहते हैं।...(व्यवधान) मैं दोनों की बात कह रहा हूं कि श्री अरुण जेटली और कमलनाथ जी का स्टैंड अच्छा था। लेकिन आपने भी एक स्टैंड नहीं लेने दिया। ...(व्यवधान) डीएमके के विदेश मंत्री श्री मारन अभी नहीं हैं।

उन्होंने बहुत मजबूत स्टैंड लिया था। फिर पता चला कि आपके यहां से उन्हें टेलीफोन चला गया।...(व्यवधान) माननीय जोशी जी, आप मिनिस्टर थे। मारन साहब ने जो स्टैंड लिया था, वह बहुत अच्छा स्टैंड था। किसानों के लिए, खेती के लिए, पैदावार के लिए लिया था, लेकिन उसके बाद यहां से टेलीफोन चला गया तो उन्हें थोड़ा सा हटना पड़ा। ऐसा नहीं है, गलतियां हो रही हैं, लेकिन जो सत्ता में बैठे हैं, उनकी गलती भारी है। यह सही है कि विदेश नीति सर्वसम्मति से ही चलती है। देश के हित में चलती है, देश सर्वोपरि है। संबंध सर्वोपरि नहीं हैं, देश हित सर्वोपरि है। अच्छे संबंध चाहे किसी से भी हों, लेकिन जहां तक देश का सवाल है, देश पहले है। सार्वजनिक रूप से मीडिया के सामने जो आया, पाकिस्तान के राष्ट्रपति श्री जरदारी ने कहा। जब तक पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ कार्यवाही नहीं करेगा, अपने यहां चलाए जा रहे आतंकवादी कैम्पों को नहीं तोड़ेगा, तब तक पाकिस्तान से कोई वार्ता नहीं हो सकती, यह आपका स्पष्ट बयान है। फिर पाकिस्तान से बात क्यों हुई? क्या वजह है? यदि आप इसे स्पष्ट करेंगे तो आपकी बड़ी कृपा होगी। अभी जो शर्म अल शेख में गुटनिरपेक्ष देशों की बैठक हुई, उसमें जो साझा बयान जारी किया गया है, उसमें हमारे यहां से दो भूलें हैं। मैं इसे देश के हित में दो भूलें मानता हूं क्योंकि आतंकवाद को आपकी वार्ता से अलग कर दिया गया। इसका सीधा अर्थ है पाकिस्तान कैसा भी आतंकवाद करता रहे, कोई वार्ता होती ही नहीं है।

आतंकवाद तो पहला मुद्दा था। आतंकवाद से हमारे देश का अपमान हुआ है। मुंबई में आकर पाकिस्तान के आतंकवादी हमला कर जाएं? उनमें से एक आतंकवादी पकड़ा भी गया, उससे तो सारा भेद आपको मिल गया, इससे बड़ा सबूत और क्या मिलेगा आपको, उससे ज्यादा सफाई और कौन देगा। जब एक आतंकवादी पकड़ा गया है, तो सारी जानकारी आपको मिल गयी होगी। अगर पता चल गया है, तो इस सदन को बताना चाहिए कि आपने क्या-क्या किया? कहां पर उसकी योजना बनी थी? कौन से षड्यंत्रकारी थे? कहां-कहां और वे हमले करना चाहते हैं? हिन्दुस्तान का और क्या नुकसान करना चाहते हैं वे आतंकवादी? पार्लियामेंट पर हमला हो चुका है, अब और वे आतंकवादी कहां हमला करना चाहते हैं? लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान अभी भी बाज नहीं आ रहा है। हम लोग जितने भी समाजवादी हैं, वे सभी पडोसी देशों एवं अन्य देशों से दोस्ती चाहते हैं, दोस्ती होनी चाहिए। मैंने पहले भी कहा है कि आपके दोस्त ज्यादा से ज्यादा हों, विरोधी कम से कम हों, वही सफल राजनीति और सफल विदेशनीति होती है। दोस्त कितने बने? मैंने उस दिन भी कहा था, दोस्ती अलग है और सम्बन्ध अलग बात है। इस बात का आप ध्यान रखना। अभी आपके पड़ोसी देशों में दोस्त कौन है? आप बताएं कि पड़ोसी देशों में कौन-कौन हमारे दोस्त हैं, पाकिस्तान तो होने का सवाल नहीं है, चीन आपका दोस्त नहीं है, और तो और हमारा आश्रित देश नेपाल भी नहीं है। अभी मैं चार दिनों के लिए नेपाल गया था, नेपाल की पूरी जनता आपके साथ है, लेकिन वह भी आपका दोस्त नहीं बन पा रहा है। श्रीलंका बुरे दिनों में हमारे साथ रहा, वर्ष 1962 की लड़ाई में अगर कोई देश हमारे

साथ खड़ा हुआ था, तो वह श्रीलंका था। क्या आज श्रीलंका आपका दोस्त है? दोस्त नहीं है, सम्बन्ध अच्छे हो सकते हैं। दोस्ती और अच्छे सम्बन्ध में भेद समझ लेना। आज आपका दुनिया में जो कोई भी दोस्त हो, उसका नाम प्रधानमंत्री जी या विदेशमंत्री जरूर यहां बताएं, जिससे देश की जनता और हम लोग समझ सकें। हमें भी राजनीति करनी है, बोलना है, कहीं जाना है, हमारी पार्टियों से सवाल पूछे जाते हैं, हम भी तो जवाब दे सकें कि फलां देश हिन्दुस्तान के दोस्त हैं। आज हम कहां पहुंच गए हैं, आज हिन्दुस्तान का कोई दोस्त है ही नहीं। सम्बन्ध अच्छे कितने रह सकते हैं, कब तक रह सकते हैं, वह अलग बात है, लेकिन दोस्त कोई नहीं है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि विदेशनीति को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा दोस्त बनाइए। अगर दोस्त हिन्दुस्तान अब नहीं बना पाएगा तो कब बना पाएगा। इन्दिरा जी के वक्त अपना जहाजी बेड़ा भेजकर अमेरिका ने धमकी दी थी, लेकिन इन्दिरा जी धमकी के आगे नहीं झुकी थीं। उन्होंने मना कर दिया था, तब तो हिन्दुस्तान इतना मजबूत भी नहीं था। आज हिन्दुस्तान इतना मजबूत है, हर तरह से मजबूत है, उस समय से, वर्ष 1970-71 से ज्यादा मजबूत है, कई गुना मजबूत है, तो आज हिम्मत क्यों नहीं है? माननीय प्रधानमंत्री जी, अगर देश का सम्मान और स्वाभिमान बचाना है, मजबूत करना है तो इच्छाशक्ति, संकल्पशक्ति और साहस, ये तीन चीजें होना अनिवार्य हैं। लेकिन आज इनमें से एक भी हमें नहीं दिखाई दे रहा है। संकल्प था, अब वह भी हट गया। इच्छाशक्ति भी दिखाई नहीं दे रही है और साहस दिखाई नहीं दे रहा है। पाकिस्तान का इतना साहस कि वह हमें परेशान कर दे। हम पाकिस्तान से दोस्ती चाहते हैं, हम यह मानकर चलते हैं कि हमारा छोटा भाई है, लेकिन पाकिस्तान की इतना हिम्मत होती है। हम उससे कितने गुना ज्यादा हैं, बड़े हैं, हमारी फौज भी ज्यादा है, टेरिटरी भी ज्यादा और उससे हमारी आर्थिक स्थिति भी अच्छी है, फिर भी वहां से आतंकवादी आकर मुंबई पर हमला कर दें? आपकी पार्लियामेंट पर हमला कर दें, जहां चाहे वहां हमला कर दें? इतनी हिम्मत हो गयी है उनकी? इसकी वजह क्या है? कारगिल पर कब्जा कर लें, एक साल पहले जाकर वहां बैठ जाएं, पूरा खाने-पीने का इंतजाम कर ले, तो उनको आपका डर क्यों नहीं है? हमला करने में, आपसे दुश्मनी करने में, शत्रुता करने में पड़ोसी देशों की हिम्मत क्यों हो रही है? वे क्यों नहीं डरते हैं? इसके लिए मैंने बता दिया है, तीन चीजें चाहिए - संकल्पशक्ति, इच्छाशक्ति और साहस। इन पर आपको विचार करना होगा। यही देश के हित में है।

जहां तक हस्ताक्षर का सवाल है, यह सही है कि सारी दुनिया में इस चर्चा से पाकिस्तान को लाभ हुआ है, हिंदुस्तान को नुकसान हुआ है। अगर आप विपक्ष को विश्वास में नहीं लेंगे तो क्या होगा? जब पाकिस्तान से टूटकर बंगलादेश बना, तब दुनिया में हिंदुस्तान का पक्ष रखने के लिए किसको भेजा गया था? उस समय जयप्रकाश जी को विश्व में हिंदुस्तान का पक्ष रखने के लिए भेजा गया था कि इतने लोग बंगला देश से आ रहे हैं, शरणार्थी आ रहे हैं। उनके लिए हम कहां से खाना दें, उन्हें कहां ठहराएं? उस समय पूरी

दुनिया में जयप्रकाश जी ने हिंदुस्तान का पक्ष रखा था। हमारे जयप्रकाश जी से उस समय बहुत मतभेद थे। उस समय हमें बहुत परेशान किया गया था और इमरजेंसी भी लागू की गयी थी। सब कुछ इंदिरा जी ने किया था लेकिन एक मामले में मैं इंदिरा जी की तारीफ करता हूं, उन्हें याद करता हूं कि इस मामले में इंदिरा जी ने जयप्रकाश जी को विश्व में भेजा था। इस मामले में इंदिरा जी का कोई जवाब नहीं था। जयप्रकाश जी ने सारी दुनिया में हमारे पक्ष में वातावरण बनाया और तब इंदिरा जी ने पाकिस्तान पर हमला किया था। तब पाकिस्तान से टूटकर बंगला देश बना। पाकिस्तान टूटा तो क्या पाकिस्तान उस बात को भूल जाएगा? आपने पाकिस्तान के टुकड़े कर दिये थे, उस बात को पाकिस्तान कभी नहीं भूल सकता है। अगर आप उसके दोस्त बन जाते हैं तो हम तुरंत आपको माला पहना देंगे। यह सही है, यह देश का सवाल है। राजनीति तो होती रहेगी, लेकिन राजनीति में नाम किसका रहेगा, जो बड़ा काम करके जाएगा, चमत्कारी काम करके जाएगा। आप कहते हैं कि हमने समर्थन दिया, तो समर्थन तो हमने आपकी वजह से दिया। बार-बार हमसे आप लड़ रहे थे। अभी माननीय बहनजी मुझसे बहुत लड़ गयीं कि आपने समर्थन दे दिया। मैंने कहा कि आप सरकार गिराओगे तो सरकार को समर्थन अब भी दे देंगे, सरकार गिरने नहीं देंगे। लेकिन अपनी नीतियों और सिद्धांतों से मैंने कोई समझौता नहीं किया है। अगर आप नीतियां बदल देते, तो स्थितियां ऐसी नहीं होतीं। अभी आपके अध्यक्ष जी को सुना तो वही मंदिर-मस्जिद की बात, कहां भूख है, कहां रोजगार है, कहां खेती है, कहां किसान है, क्या व्यापार धंधा है, क्या रणनीति हो रही है, क्या विदेश नीति की चर्चा हो रही है, हिंदुस्तान कहां है लेकिन आपको मंदिर-मस्जिद अभी तक दिखाई देता है। मंदिर-मस्जिद को अब कौन पूछता है? मंदिर-मस्जिद पर हमारा-आपका झगड़ा थोड़े ही हुआ था, हम तो तमाशबीन थे। यहां सब तमाशबीन बैठे थे, इस बात को याद रखना, लड़ तो हम और जोशी जी रहे थे।

**16.27 hrs.** (Madam Speaker *in the Chair)*

उन दिनों को हम जानते हैं। उन दिनों को हम इसलिए याद कर रहे हैं कि 11 दिन मुझे एक घंटा भी सोने नहीं दिया गया, तब हम मस्जिद की हिफाजत कर पाये थे। लेकिन आप मंदिर-मस्जिद से हट ही नहीं रहे हैं। यहां पर इच्छा-शक्ति, संकल्प-शक्ति है ही नहीं।

हमारी सेना मजबूत, हमारी खेती मजबूत, हमारा सब कुछ मजबूत है। मैं पंजाब के लोगों की सराहना करता हूं, आज पंजाब सीमा पर अच्छा रोल अदा कर रहा है। आज वहां किसी प्रकार की अशांति नहीं है। कुछ और प्रदेशों में जैसे सीमा पर नफरत फैल रही है या अशांति है लेकिन पंजाब की सीमा पर आज शांति है। यह देश के लिए और हमारे लिए शुभ है। जब भी देश पर कोई कठिनाई या हमला होता है तो सबसे पहले

उसका दंश पंजाब झेलता है। लेकिन आज पंजाब शांत है और यह हमारे लिए अच्छी बात है। मैं कुछ उन सूबों का नाम लेना नहीं चाहता हूं बुरा मान जाएंगे, वहां दूरियां आपस में हैं। ...(व्यवधान)

कुछ ऐसी बातें थी जो मैं कहना चाहता था और वे मैंने कह दी हैं। माननीय यशवंत सिन्हा जी ने जो बातें कह दी हैं, मैं उन्हें दोहराना नहीं चाहता हूं। लेकिन इतना जरूर कहना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी, आप बहुत अनुभवी व्यक्ति हैं, यह मैं पहले ही कह चुका हूं लेकिन बेपरवाह मैं एक ही बात कहना चाहता हूं कि आपका दबाव में कोई कुछ नहीं कर पाएगा, जनता साथ है, सेना पूरी मजबूत है, किसी की हिम्मत नहीं है, आप जो हस्ताक्षर कर आये हो, उन्हें रद्दी की टोकरी में फैंक दीजिए, इसके अलावा मुझे कुछ नहीं कहना है।

**श्री शरद यादव (मधेपुरा):** महोदया, 26/11 मुम्बई का जो हमला था, उस हमले के बाद एक तरफ से नहीं, दोनों तरफ से अपने-अपने वक्तव्य दिए गए, चाहे वह गृह मंत्री हो, चाहे वह फौज के मंत्री हो, चाहे विदेश मंत्री हो। जितने बयान इस तरफ से दिए गए, उतने ही बयान पाकिस्तान की तरफ से भी दिए गए। इस बारे में प्रधानमंत्री जी के बयान भी शामिल हैं। सारी परिस्थिति को देख कर हमने अपनी जगह निश्चित की कि हम वार्ता नहीं करेंगे, जब तक कि क्रास बार्डर टेरेरिज्म समाप्त न हो जाए। यह हमने तय नहीं किया था, आपकी तरफ से आपके मंत्रियों ने तय किया था। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि 62 वर्ष हो गए हैं, यह सिलसिला जारी है और मैं नहीं मानता हूं कि यह सरकारों के हाथ की चीज है। इतिहास ने जिस तरह से देश के हिस्से किए, महात्मा जी को छोड़कर, इतिहास में जाने की जरूरत नहीं है, हम इस तरह खड़े हैं, मैं नहीं कह रहा हूं कि आप हिंदुस्तान और पाकिस्तान के साथ युद्ध कीजिए। वे हालात पहले आपके हाथ में थे, लेकिन अब नहीं हैं। जो परम्परागत फौज थी, उसकी लड़ाई से हम लोग जीतते थे, वह हालत आज नहीं है। 26/11 पर इतनी तरह के बयान दिए गए, वे किसी एक व्यक्ति ने नहीं दिए। आपकी सरकार की तरफ से आपके अधिकारियों ने दिए, प्रधानमंत्री जी ने भी दिए। गिलानी साहब का और प्रधानमंत्री जी का जो वक्तव्य है, उसमें आतंकवाद और वार्ता, दोनों साथ-साथ चल सकते हैं, आपने यह तय कर लिया। आपने माना और उन्होंने माना, सवाल यह नहीं है। आप देश में उन्माद खड़ा करते हैं, मैं कभी-कभी कहता हूं कि उन्माद हो और सोचा-समझा एक आंदोलन हो। घटनाएं होती हैं और हम उसके साथ बहते हैं। आज हालत यह है कि आपका जो वक्तव्य है, वह संयुक्त है। न्यूक्लियर डील बहुत दूर की बात नहीं है, बहुत विस्तार से न्यूक्लियर डील के बारे में बताया गया, मैं उस पर अपने विचार नहीं कहूंगा, क्योंकि मेरे बोलने का समय कम है। उस पर केवल सरकार के बयान नहीं थे, वामपंथियों को छोड़ कर बाकी सब लोगों के थे और अंत में तो मुलायम सिंह जी ने न्यूक्लियर डील के खिलाफ लखनऊ में सम्मेलन किया था तथा बाद में उस पर समर्थन भी हो गया।

**श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी) :** हम सोमवार को जवाब दे देंगे।

**अध्यक्ष महोदया :** आप कृपया आपसी संवाद मत कीजिए।

**श्री शरद यादव :** बिजली देने का वायदा किया था। आप दोनों के बीच में क्या करार हुआ, वह पता नहीं है, लकिन मैं कहना चाहता हूं कि जो न्यूक्लियर डील थी, उस पर आपकी सरकार के मंत्री से लेकर आपकी पार्टी एकाकार थी।

आपसे ज्यादा आपकी पूरी पार्टी युद्ध में रत थी। कांग्रेस पार्टी की नेता भी उसमें शरीक थी। पूरी मजबूती से आप दोनों जैसे वॉलीवॉल खेलते हैं, बाकायदा आप गोल कर रहे थे। लेकिन इस मामले में मैं नहीं कह रहा हूं कि कांग्रेस पार्टी और आपके बीच में...(व्यवधान) सुनाई नहीं पड़ रहा है आप क्या कह रहे

हैं।...(व्यवधान) फुटबॉल में गोल होता है।...(व्यवधान) मैं शब्द बदल गया। मैं कोई बहुत बड़ा प्लेयर नहीं हूं।...(व्यवधान)

हॉकी का गोल होता है तो पार्टी और आपकी सरकार दोनों गोल कर रहे थे और इस बयान के बाद पार्टी के स्पोक्समैन जो हैं, मैं दूरदर्शन देखता हूं, मैं दूसरे चैनल कम देखता हूं लेकिन दूरदर्शन पर मैंने देखा कि आपके जितने स्पोक्समैन थे, वे जवाब की जगह बगलें झांक रहे हैं। यानी यह जो फर्क है, यही अन्तर बताता है कि यह जो आपका वक्तव्य आया है, इसमें कहीं न कहीं दुविधा में आप भी हैं। आपको भी कहीं न कहीं लगता है कि जो आपने कदम उठाया है, वह कदम देश के लिए सही नहीं है। जो बलूचिस्तान है, हम लोगों ने बचपन में काबलीवाला किस्सा पढ़ा है, जो बलूचिस्तान है, उसमें सीमान्त गांधी थे। जिस बात को हम अकेला भुगत रहे हैं, महात्मा गांधी जी के साथ एक आदमी था- सीमान्त गांधी, अब्दुल गफ्फार खां। मैंने जब होश संभाला, मैं जब यूनिवर्सिटी का प्रेसीडेंट था, तो सबसे ज्यादा हिन्दुस्तान में पहली बार कहीं उनका स्वागत हुआ तो वह मेरे विश्वविद्यालय में हुआ था। वह अकेले बलूचिस्तान के ऐसे आदमी थे, हिन्दुस्तान की जो जंग है, आजादी की लड़ाई है, दोनों तरफ के लोग कहते हैं कि इस आजादी को अंजाम देने का काम यदि किसी आदमी ने महात्मा गांधी के बाद किया तो दो-चार आदमियों में जिनका नाम आता है, उनमें वह नाम सीमान्त गांधी हैं। वह देश के बंटवारे के खिलाफ थे, उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान को आप भेड़ियों के सामने डाल रहे हैं।...(व्यवधान) फलूचिस्तान बलूचिस्तान से बिल्कुल लगा हुआ है।...(व्यवधान) उनका असर यहां भी था। आंदोलन में जो लोग थे, वे यहां के ही थे। अगर आप उसकी जॉग्रफी के ऊपर छेड़खानी करेंगे तो मैं अकेले भूगोल भर की बात नहीं कर रहा हूं। ...(व्यवधान) बलूचिस्तान जो है, अकतूलिस्तान जो है, वह सब मिला हुआ इलाका है और उसके बाद गांधी का असर यहां तक सारे फ्रन्टियर में, सारे नॉर्थ-ईस्ट में था। आपने उसका जिक्र कर दिया। आप कहते हैं, पी.सी.चाक्को बोल रहे थे कि कोई बड़ा भारी मुद्दा नहीं है। आप गजब बात कह रहे हैं। 60 वर्ष में जब उसका जिक्र नहीं है तो अब जो उसका जिक्र हुआ और जो सीधी बात है कि हमारी भावनाओं, यानी इस देश में या फलूचिस्तान से लेकर बलूचिस्तान में चाहे वह पूरा का पूरा अफगान है, हमारे और उनके बीच में एक सहज मानवीय संवेदनाओं का आदान-प्रदान है। बगैर कहे, बगैर बोले, वे महसूस करते हैं कि हम उनके मित्र हैं और हम महसूस करते हैं कि वे हमारे मित्र हैं। इसका जिक्र कभी नहीं होता। हमने इसका जिक्र किया। जिक्र चाहे वह सिर्फ नाम के वास्ते हुआ और इस जिक्र के बाद आपकी सरकार के मुल्हाजिम हैं, यह बात हम नहीं कह रहे हैं, यशवंत सिन्हा नहीं कह रहे हैं, मुलायम सिंह नहीं कह रहे हैं, आपकी सरकार के जो मुल्हाजिम हैं, जो शर्म-अल-शेख में थे, वे कहते हैं कि जो वक्तव्य बना है, उसमें जो ड्राफ्टिंग है, उसमें थोड़ी-बहुत इधर-उधर गड़बड़ हो गई है।

गजब बात है कि भारत सरकार से इसी के लिए तनख्वाह पा रहे हो, इसी चीज के लिए अफसर हो और जब ड्राफ्टिंग हुई तो हिन्दुस्तान में आकर बोल रहे हो कि यह गलती ड्राफ्टिंग में हो गई, बैड ड्राफ्टिंग है। यह गजब बात है। ...(व्यवधान) विदेश मंत्री हैं, विदेश सचिव हैं। विदेश सचिव यह बात आकर कहे और अभी तक भी कन्टीन्यु करे? या तो आप सही हैं या वे सही हैं। हिन्दुस्तान को जानने का हक है कि बैड ड्राफ्टिंग थी या सही ड्राफ्टिंग थी, सही थी या गलत थी। देश की सरकार की दो जीभ नहीं हो सकती हैं। एक बात मुलाजिम बोले और दूसरी बात देश का प्रधानमंत्री बोले, इस तरह दो जुबान नहीं हो सकती। आप चुप है, आपने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। देश दुविधा में है। देश महसूस करता है कि गड़बड़ हो गई। आप नहीं महसूस कर रहे लेकिन देश महसूस करता है। देश इसलिए महसूस करता है क्योंकि बयान में दो जुबान हैं। मुलायम सिंह जी, दो जुबान का देश जब तक रहेगा तब तक यह किसी से मुकाबला नहीं कर सकता है। हिन्दुस्तान की लाचारी और बेबसी रोज बढ़ेगी। गरीबी और कंगाली का समुद्र खड़ा होगा। लूट यहां से वहां तक होगी जब तक देश मजबूत नहीं होगा, जब तक दो जीभ चलेंगी।...(व्यवधान) आप कह रहे थे राज्य मंत्री बहुत बड़े डिप्लोमेट हैं। अरे भाई, यूएनओ को कौन सुन रहा है? मुझे याद है जब वे हिन्दुस्तान आने वाले थे तब मैं अटल जी की सरकार में मंत्री था। यूएनओ के सैक्रेट्री दक्षिण अफ्रीका, घाना के कोफी अनान यहां आना चाहते थे और यहां की सरकार उदासीन थी। यह बात मुझे कहनी नहीं चाहिए। मैंने यह बात कही कि वे आना चाहते हैं तब यूनाइटेड नेशन खड़ा रहा और इराक, अफगानिस्तान पर हमला हो गया। मंत्री जी यूएनओ में रहे हैं, वहां रहने के बाद यहां हारकर चले आए। मैं नहीं मानता, वे कह रहे हैं कि यह दो मुल्कों के बीच में ट्रीटी नहीं है, करार नहीं है। हां, मैं पाकिस्तान की तरफ से कमजोरी मानता हूं, वहां यह भी पता नहीं चल रहा कि जरदारी साहब मजबूत हैं या गिलानी साहब मजबूत हैं। लेकिन मैं गिलानी साहब की चतुराई को मान गया कि वे शर्म अल-शेख में जाकर आपके साथ एक ऐसा वक्तव्य लेकर बोल गए और पाकिस्तान जाते ही शोर मचा दिया - जीत गए, जीत गए। हमारे यहां यूपीए, कांग्रेस पार्टी है, यहां आप जरूर खड़े हैं लेकिन आप दोनों के बीच बोली और भाषा का कोई तालमेल नहीं है। आपके बीच में कोई एक समबोध नहीं है, समलक्ष्य नहीं है और फिर आप कहते हैं कि कोई गड़बड़ नहीं हुई। जिस तरह से 26-11 को इस तरफ या उस तरफ से जितने बयान आए, गजब हो गया जो मंत्री हैं वे भी बोल रहे हैं, डिफेंस मंत्री हैं, वे भी बोल रहे हैं, विदेश मंत्री भी बोल रहे हैं, ऐसा लगा कि ताल ठोक रहे हैं। आप एक से एक बयान दे रहे हो और फिर जाकर कहते हो कि आतंकवाद और वार्ता में कोई अंतर्विराध नहीं है। यह गजब बात है। मैं मानता हूं कि अंतर्विरोध है। यदि आपने ताकत के साथ कहा होता कि जब तक आतंकवाद वहां खत्म नहीं होगा तब तक हम किसी कीमत पर नहीं करेंगे। आपने कहने के बाद पलटने का काम किया। 26-11 को ज्यादा वक्त नहीं हुआ, ज्यादा

समय नहीं हुआ, वहां जो स्थिति हुई है, उसमें वार्ता भी चलती रहेगी और आतंकवाद का घालमेल, वहां से यहां चलता रहेगा। इस बारे में यशवंत सिन्हा और बहुत से माननीय सदस्य बोले हैं।...(व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) :** 13 दिसंबर, 2001 के बाद बस बंद कर दी, रेल बंद कर दी, हाई कमिश्नर को वापिस बुला लिया लेकिन फिर बात क्यों शुरू कर दी?...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** शरद यादव जी के अलावा किसी और की बात रिकार्ड में नहीं जायेगी।

...(व्यवधान) *

**अध्यक्ष महोदया :** आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** जगदम्बिका पाल जी, मैं आपकी बात समझ गया, आप कह रहे हैं कि संसद पर हमले के बाद हमने बस यात्रा की।...(व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल :** आपने हाई कमिश्नर वापस बुला लिया और फिर आपने टॉक शुरू कर दी, उसका क्या कारण था?

**श्री शरद यादव :** अध्यक्ष महोदया, मैं इनकी बात पर ज्यादा बोलना इसलिए नहीं चाहता कि हम यहां बैठे हैं तो आप वहां किसलिए बैठे हैं। आप कब तक इतिहास की चर्चा करके अपने गुनाहों को दबाने का काम करेंगे। ...(व्यवधान) आप गुनाहों को कब तक दबाते रहेंगे? आज हर मंत्री खड़ा होता है...(व्यवधान) मैं आपकी बात समझ गया हूं। अब हर मंत्री खड़ा होता है। पिछली एनडीए की सरकार में क्या हुआ। एनडीए में यह गलती हो गई, एनडीए में वह गलती हो गई। भाई ठीक है, यदि गलती हो गई तो हम यहां बैठे हैं। कोई न कोई गलती हमसे हुई है। हम यहां बैठे हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि सदन से चले जाएं। आपका जो कहना है उसका मतलब यह है कि हमने संसद पर हमला होने के बाद बस यात्रा खोली तो वह संदर्भ अलग है। उस पर यदि बहस करना चाहें तो आप ले आइये, हम उस पर जरूर बहस करेंगे। हम यह भी कह रहे हैं कि उसमें यदि कहीं गलती हो गई तो हमारे जैसा आदमी मान जायेगा। सवाल सीधा है, मैं यह कह रहा हूं कि 26/11 के बाद आपने जिस तरह से देश के अंदर वातावरण बनाने का काम किया और फिर उसके बाद आप पूरी तरह से पलटी खाकर रिवर्स गियर में चलाने का काम कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इससे देश आहत है।

---

* Not recorded.

आपसे कोई बताये या न बताये, लेकिन मैं बता रहा हूं और जो लोग 26/11 के बाद आपकी आरती उतार रहे थे, गीत गा रहे थे, घंटी बजा रहे थे, तबला बजा रहा थे, हारमोनियम बजा रहे थे, संगीत की सभा चल रही थी। वह सभा आज बिगड़ी हुई है। कोई कुछ बजा रहा है, कोई तबला बजा रहा है, कोई अलग सारंगी बजा रहा है, कोई मृदंग बजा रहा है। आज सबके स्वर अलग-अलग हैं। पहले एक साथ जो बाजा बज रहा था, वह आज सब अलग-अलग हो गये हैं। सबके स्वर अलग-अलग हो गये हैं। वह वहीं नहीं हुआ, देश में नहीं हुआ, अखबारों में नहीं हुआ, मीडिया में नहीं हुआ, आपकी सरकार में भी स्वर अलग-अलग हैं। पार्टी मौन है, पार्टी बोलती है कि सरकार बोलेगी, ठीक जवाब देगी। परंतु बहुत दिनों के बाद बोले। प्रधान मंत्री जी ने कहा होगा कि यह क्या चल रहा है तो बयानबाजी इतने तक आई है। सीधी बात है, मैं ज्यादा विस्तार में नहीं जाना चाहता, मैं एंड यूजर के मामले में नहीं जाता। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान और हिंदुस्तान आज कैसी हालत में हैं, मैं उस विस्तार में नहीं जाऊंगा। लेकिन आजादी के साथ ही हमने अपने हिस्से कर लिये और हिस्से करके इस देश का 30-40 फीसदी पैसा हम फौज पर खर्च करते हैं और वे भी फौज पर खर्च करते हैं। इसके बाद हम जनता के बीच में संकल्प के साथ अपनी तरफ से कोई स्टैंड लेते हैं, किसी जगह खड़े होने की कोशिश करते हैं, उससे फिर हम हट जाते हैं। हम बाकायदा संकल्प लेते हैं, लेकिन उस संकल्प के कोई मायने नहीं है, क्योंकि उस संकल्प पर हम चलने का काम नहीं कर रहे हैं।

महोदया, मैं निश्चित तौर पर एक निवेदन करना चाहूंगा कि पाकिस्तान और हिंदुस्तान के जो हालात हैं, उन्हें बनाने में कोई सरकार नहीं बदली है। पहले भी आपकी सरकार थी और अब फिर आपकी सरकार है। जब हालात बदले नहीं है तो मुम्बई पर जो हमला हुआ था, सरकार के जरिये उसके ऊपर आपने पूरे देश भर को साथ में लिया था। उस समय जब मुम्बई में मोमबत्ती जला रहे थे, मेरा बस चलता, कोई मेरी बात को लिख रहा होता तो वह कह रहे थे कि चलो मुख्य मंत्री से दो मिनट में इस्तीफा ले लेते हैं। मेरे ख्याल से वे लोग कभी वोट डालने भी नहीं जाते, वे सब लोग वहां इकट्ठे हुए और इकट्ठे होने वाले लोगों के साथ आपने स्वर में स्वर मिलाया। आपने सोचकर, सब तरह से विचार करके स्थिति को देखा। आप कहते हो कि वार्ता के बगैर काम नहीं चलेगा। यदि आपकी यह बात सही है तो फिर 26/11 के बाद आपने पूरे देश में जो हालात बनाये थे, हम तब भी उसके विरोध में थे और आज भी विरोध में हैं। आप ही सरकार में थे, आपकी पार्टी थी, फिर आपने यह उन्माद क्यों खड़ा किया? फिर उन्माद के बाद यह वार्ता क्यों शुरु कर रहे हैं? पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद का हमला जारी है, उसमें कोई कमी नहीं आयी है। मैं प्रधानमंत्री जी से देश की विदेश नीति को ताकतवर और मजबूत बनाने के लिये निवेदन कर रहा हूं। नेपाल के संबंधो को लेकर मैं प्रधानमंत्री जी से दो बार मिला हूं.। हम दुनिया के देशो में ज्यादा कहीं गये नहीं हैं। मैं अकेला आदमी 35

वर्षों से यहां हूं। मैं विदेश इसलिये नहीं जाना चाहता क्योंकि हमारा देश दिक्कत में है, हमें बाहर जाने की फुरसत ही नहीं मिलती है। यहां के गरीब और लाचार लोग ज्यादा सोये हुये हैं, तकलीफ और दिक्कत में हैं। मैं कहीं नहीं गया। मैं इतना जरूर जानता हूं कि उस देश की विदेश नीति तभी ठीक होती है ...(व्यवधान) लाल सिंह जी, आप पीछे बैठकर क्यों बोलते हैं, आप कहिये, मैं जवाब दूंगा। आप ऐसा मत करें।

**अध्यक्ष महोदया :** यादव जी, आप चेयर को संबोधित कर के बोलिये.।

**श्री शरद यादव :** अध्यक्ष महोदया, मैं निवेदन कर रहा हूं कि उनको ऐसा नहीं करना चाहिये। अगर छेड़ना है तो पार्लियामेंट में चलता है। मैं जगदम्बिका पाल जी से भी कह रहा था। क्या कहना चाहते हैं, बोलिये?

**अध्यक्ष महोदया :** आप शान्त रहें।

**श्री शरद यादव :** अध्यक्ष जी, यह ठीक नहीं है। जब पीछे से बोलते हैं तो हाल गूंज जाता है। अगर सभा में ऐसे कोई बोल दे तो गड़बड़ हो जाती है और हम डिरेल हो जाते हैं.

अध्यक्ष महोदया, मैं निवेदन कर रहा था कि इस देश में विदेश नीति 62 साल से आम सहमति के साथ चलती रही है। हो सकता है कि हम बातचीत करने में, चर्चा करने में आपसे असहमत हों, या सहमत हों। आप सब काम करके फिर सदन में आते हैं। पिछले 15-20 साल से दुनिया का बाजार खुला है। दुनिया बदली है। मैं नहीं कह रहा हूं कि आप इतने ताकतवर हैं। जिस देश की जनता मजबूत होती है, वह देश मजबूत होता है। चीन का आदमी कहीं चला जाये, उसकी विदेश नीति मज़बूत है। उनके यहां ऐसी गरीबी नहीं है जैसी यहां लूट मची हुई है। वहां और यहां की गरीबी में फर्क है। सीधी बात यह है कि विदेश नीति में सहमति है। अगर आप चाहते तो विरोधी दल के नेता श्री आडवाणी जी को बुलाकर बात करते, क्या आपने बातचीत की ? कांग्रेस को तो नया जनादेश मिला है, आपका हौसला बढ़ना चाहिये था, मन और दिल बड़ा होना चाहिये था। विदेश नीति आम सहमति से होती है। मैं यह इसलिये कह रहा हूं कि मुम्बई में हमले के बाद देश में एक आम सहमति बनी थी कि देश में हमले के बाद पाकिस्तान से तब तक वार्ता नहीं की जायेगी जब तक देश से आतंकवाद खत्म नहीं होता। आपने पहले या अब कहा होता तो ठीक होता। इसलिये मेरी विनती है कि विदेश नीति आम सहमति से होनी चाहिये, इसमें चाहे आपका प्रधानमंत्री हो या हमारी पार्टी का हो। हमारी सरकार भी 10-11 महीने रहीं,उसके बाद पांच साल रही। कांग्रेस की सरकार ज्यादा लम्बे समय तक चली है। विदेश नीति बनाने में कांग्रेस का ज्यादा योगदान रहा है। जो आम सहमति थी, वह अब खंडित हो रही है। वह आम सहमति अब बहस में आ रही है। आज चाहे यशवंत सिन्हा हों या मुलायम सिंह जी हों, चाहे मैं हूं, हम निश्चित तौर पर यही आपसे कहना चाहते हैं कि आम सहमति का रास्ता आम सहमति की परम्परा

है, वह खंडित हो रही है। अगर विदेश नीति खंडित होगी तो चाहे आपका पक्ष हो या हमारा पक्ष हो, तकलीफ होती है।

तकलीफ इसलिए होती है क्योंकि हम कई तरह कि दिक्कत और हालात में फंसे हैं। मुलायम सिंह जी ने ठीक बात कही कि हमारे चारों तरफ जो देश हैं, उनके साथ हमारा रिश्ता यारी का नहीं है। रिश्ता तो है, लेकिन वह यारी का नहीं है, दिलों का नहीं है और दिलों के मेल के बगैर कोई रास्ता नहीं बनता है। निश्चित तौर से हम जब से आजाद हुए हैं, पहले हम रूस के बाजू में छिपे हुए थे। मैं यह नहीं कहता हूं कि आप अमेरिका से दोस्ती मत कीजिए, दोस्ती हो, लेकिन इस दोस्ती में ख्याल रखा जा कि हमारे राष्ट्रीय हित कहीं उनके दबाव में खूंटी पर न टंग जाएं। हम यह देख सकते हैं, हम यह कर सकते हैं, हमारे देश का जो पुरूषार्थ है, हमारे देश की जो इतनी बड़ी आबादी है उसके मुकाबले हम उतनी बुरी हालत में नहीं है, उतने पीछे नहीं हैं। चीन हमसे सात, आठ गुणा आगे चला गया है, लेकिन हमारी हालत भी ऐसी नहीं है। आप यदि ठीक से संकल्प के साथ कोई रास्ता पकड़ेंगे तो हम आपसे अलग नहीं हैं, हम आपके साथ हैं, लेकिन इस बयान पर महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मैं सरकार के साथ सहमत नहीं हूं। मैं वार्ता के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन ऐसी वार्ता कि हम लगातार आतंकवाद के शिकार होते रहें, हमारे बेबस और लाचार लोग यहां से वहां तक मरते रहें। मैं इसके बारे में एक बात कहूंगा कि पूरी दुनिया में एक वातावरण बना था, सारी दुनिया मुंबई हमले को महसूस करती थी और उससे पूरी दुनिया मर्माहत हुई थी। उस मर्माहत को आपने थोड़ी दूर तक ले जाने का काम भी किया था, लेकिन शर्म-अल-शेख में जो आपका संयुक्त वक्तव्य है, उसने उस धारणा को चोट पहुंचाने का काम किया है। दुनिया में हमारा जो समर्थन बढ़ा था, वह समर्थन भी आज डावांडोल है। इससे अमेरिका के हित जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान की फौज और उनका जो इलाका है स्वात घाटी, जहां रेडियो मुल्ला रहता है। स्वात घाटी में अमेरिका और पाकिस्तान की फौज दोनों साथ-साथ लड़ रही हैं।

**अध्यक्ष महोदया :** कृपया समाप्त कीजिए।

**श्री शरद यादव :** वे तो उनके हितों को देखकर ही बात करेंगे। इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अमेरिका अपने हितों के अनुसार, हमारे हितों के अनुसार नहीं, अपने हितों के अनुसार बहुत से काम करता रहेगा। मैं यह महसूस करता हूं। अमेरिका के साथ हमारा झुकाव, मैं कई बातों को देखकर कहता हूं कि यहां बुश साहब आये थे तो जो बम सूंघने वाले कुत्ते होते हैं, वे महात्मा गांधी जी की समाधि पर चले गये थे।

**अध्यक्ष महोदया :** कृपया समाप्त कीजिए।

**श्री शरद यादव :** महोदया, यह सीधी बात है कि हमें महसूस होता है कि इसमें अमेरिका अपने हितों के लिए हमारे ऊपर दबाव डाल रहा है। जो आम सहमति से जो विदेश नीति चली है, जिस आम सहमति से हमने 62 वर्ष इस देश को चलाया है, इस मामले में राज और सरकार और ट्रेजरी बैंच और अपोजिशन का कोई मामला नहीं है। आप इस आम सहमति को फिर से कायम कीजिए और यह वक्तव्य देश को ठीक तरह से आगे लेकर कीजिए। हम ऐसा महसूस करते हैं कि वह काम अधूरा है, इसलिए आम सहमति खंडित हुई है, विखंडित हुई है।

THE PRIME MINISTER (DR. MANMOHAN SINGH): Madam, Speaker, I am very grateful to Shri Yashwant Sinha, Shri Mulayam Singhji, Shri Sharad Yadavji for their comments on the Joint Statement that was issued after Sharm-el-Sheikh and also for what I said in the G-8 meetings in Italy. I will cover all the points and clarify all the issues.

**17.00 hrs.**

Madam Speaker, as I have said many times before, we cannot wish away the fact that Pakistan is our neighbour. We should be good neighbours. If we live in peace, as good neighbours do, both of us can focus our energies on many problems that confront our people, our acute poverty which afflicts millions and millions of people in South Asia. If there is cooperation between us, and not conflict, vast opportunities will open up for trade, travel and development that will create prosperity in both countries.

It is, therefore, in our vital interest to make sincere efforts to live in peace with Pakistan. But despite the best of intentions, we cannot move forward if terrorist attacks launched from Pakistani soil continue to kill and injure our citizens, here and abroad. That is the national position and I stand by that.

Madam, I have said time and again and I repeat it right now again. It is impossible for any Government in India to work towards full normalisation of relations with Pakistan unless the Government of Pakistan fulfils, in letter and spirit, its commitment not to allow its territory to be used in any manner for terrorist activities against India.

This was a commitment, as my friend, Shri Yashwant Sinha mentioned, made to my distinguished predecessor, Shri Atal Bihari Vajpayee, and it has been repeated to me in every meeting I have had with the Pakistani leadership. The people of India expect these assurances to be honoured and this Government recognises that as the common national consensus.

Madam, the attack on Mumbai last November outraged our nation and cast a deep shadow over our relation with Pakistan. The reality and the horror of it were brought into Indian homes over three traumatic days that still haunt us. The people of India demand that this must never happen again.

Over the past seven months, we followed a policy, using all effective bilateral and multilateral instruments at our command, to ensure that Pakistan acts, with credibility and sincerity, as we would expect of any civilized nation.

Soon after the attacks, the United Nations Security Council imposed sanctions on Lashkar-e-Toiba and its front organisations, including the Jamaat-ud-Dawa. It also imposed sanctions on four individuals connected with the organisation, including one of the masterminds behind the Mumbai attacks, Zaki-ur-Rehman Lakhvi.

We exercised great restraint under very difficult circumstances but made it clear that Pakistan must act. On 5th January, 2009, we handed over to Pakistan the details of the links to Pakistan that were revealed by our investigators. Some action followed and Pakistan formally responded to us on two occasions regarding the progress of their own investigations in February 2009 and then just two days before my departure for Paris and Sharm-El-Sheikh.

The latest dossier is a 34-page document that gives the details of the planning and sequence of events, details of the investigations carried out by the special Federal Investigation Agency Team of Pakistan, a copy of the FIR lodged, and the details and photographs of the accused in custody and those declared as proclaimed offenders. It provides details of the communication networks used, financing of the operation and seizures made in Pakistan, including maps, life boats, literature on

navigational training, intelligence manuals, back packs, etc. This is Pakistan's dossier supplied to us. It states that the investigation has established beyond doubt that Lashkar-e-tiba activists conspired, financed and executed the attacks. Five of the accused have been arrested, including Zaki-ur- Rehman Lakhvi and Zarar Shah; and thirteen others have been declared proclaimed offenders. A charge sheet has since been filed against them under Pakistan's Anti Terrorism Act, and other relevant laws.

We have been told that the investigations are nearly complete and that a trial will now proceed. We have also been asked for some further information and we will provide this shortly.

This, Madam Speaker, is the first time that Pakistan has ever formally briefed us on the results of the investigation into a terrorist attack in India. It has never happened before. This, I repeat, is the first time. It is also the first time that they have admitted that their nationals and a terrorist organisation based in Pakistan carried out a ghastly terrorist attack in India.

Madam Speaker, the reality is that this is far more than the NDA Government was ever able to extract from Pakistan, despite all their tall talks. This is true of the entire duration of the NDA regime. They were never able to get Pakistan to admit what they have admitted now. So, I say with all respect to Shri Yashwant Sinha, that the UPA Government needs no lessons from the Opposition on how to conduct foreign affairs or secure our nation against terrorist threats.

Madam Speaker, while noting the steps Pakistan has taken, I have to say that, they do not go far enough. We hope that the trial will make quick progress and that exemplary punishment will be meted out to those who committed this horrific crime against humanity. We need evidence that action is being taken to outlaw, disarm, and shut down the terrorist groups and their front organisations that still operate on Pakistani soil and which continue to post a grave threat to our country.

Madam Speaker, in the final analysis the reality is that despite all the friends that we may have – and we wish to make as many friends, as Shri Mulayam Singh ji

said, as possible – the harsh reality of the modern world power structure is such that when it comes to matters relating to our internal security and defence, we will have to depend on ourselves. Self-help is the best help. There is no substitute to strengthening our defence capabilities, our national security structure and our emergency response mechanism. I wish to assure the House that the Government is giving these matters the highest priority and attention.

Several important steps have been taken to modernise, rationalise and strengthen our defence security and intelligence apparatus. A detailed plan to address internal security challenges is being implemented in a time-bound manner. The Government is maintaining utmost vigilance in the area of internal security. Measures have been taken to ensure enhanced information and intelligence sharing on a real time basis. The policy of zero tolerance towards terrorism, from whatever source it originates, has been put in place.

Madam, in the area of Defence, steps are underway to substantially improve our coastal and maritime security. Large acquisitions of major weapon systems and platforms have been approved for the modernisation of our Army, Navy and Air Force. There has been a special focus to improve the welfare of the Armed Forces personnel. We will spare no effort and no expense to defend our nation against any threat to our sovereignty, unity and integrity. This is the sacred and bounden duty of any Government of this great country.

Madam, Speaker, but we do not dilute our positions or our resolve to defeat terrorism by talking to any country. Other major powers affected by Pakistan based terrorism are also engaging with Pakistan. Unless we talk directly to Pakistan, we will have to rely on third parties to do so. This I submit to this august House that this particular route has very severe limitations as to its effectiveness and for the longer term view of what South Asia should be, the growing involvement of foreign powers in the affairs of South Asia is not something to our liking. I say, therefore, with strength and conviction that dialogue and engagement is the best way forward. This has been the history of our relations with Pakistan over the last decade.

Shri Atal Bihari Vajpayee took a decision of political courage to visit Lahore in 1999. Then came Kargil and the hijacking of an Indian Airlines plane to Kandahar. Yet, he invited General Musharraf to Agra and again tried to make peace. The nation witnessed the terrible attack on Parliament in 2001. There followed an extremely difficult phase in our relationship. The Armed Forces of the two countries stood fully mobilized. But to his great credit, Shri Vajpayee was not deterred, as a statesman should not be. In 2004, he went to Islamabad, where a Joint Statement was issued that set out a vision for a cooperative relationship. I must remind the House that the Opposition Parties supported those bold steps. I for one share Shri Vajpayee's vision and I have also felt his frustration in dealing with Pakistan.

In my meetings with President Zardari in Yekaterinburg and with the Prime Minister Gilani in Sharm-El-Sheikh, I conveyed in the strongest possible terms our concerns and expectations. I conveyed to them the deep anger and hurt of the people of India due to the persistence of terrorist attacks on our people. I told them that the operations of all terrorist groups that threaten India must end permanently. I urged them to make no distinctions between different terrorist organisations. I said that it was not enough to say that Pakistan is itself a victim of terrorism. They must show the same political will and take the same strong and sustained action against terrorist groups operating on their eastern border as they now seem to be taking against the groups on their western border.

Both President Zardari and Prime Minister Gilani assured me that the Pakistan Government was serious and that effective action would be taken against the perpetrators of the Mumbai carnage.

Shri Yashwant Sinha asked me what was the change between my meeting with President Zardari and later my meeting with Prime Minister Gilani. In-between came the dossier which showed progress though not adequate progress of the type that I had already indicated. He asked me: "Will you trust Pakistan?" Let me say that in the affairs of two neighbours, the best approach is, what the late President

Reagan once said: "trust but verify." We have no other way of moving forward unless we want to go to war.

I was told by both President Zardari and Prime Minister Gilani that Mumbai was the work of non-State actors. I said that this gave little satisfaction to us and that it was the duty of their Government to ensure that such acts were not perpetrated from their territory. I told them that another attack of this kind would put an intolerable strain on our relationship and that they must take all possible measures to prevent a recurrence.

Madam Speaker, after I returned from Sharm-el-Sheikh, I made a Statement in Parliament which clarified and elaborated not just the Joint Statement issued following my meeting with Prime Minister Gilani but also what we discussed.

I wish to reiterate that the President and the Prime Minister of Pakistan know, after our recent meetings, that we can have a meaningful dialogue with Pakistan only if they fulfil their commitment, in letter and spirit, not to allow their territory to be used in any manner for terrorist activities against India. This message was repeated when the Foreign Ministers and the Foreign Secretaries met.

I stand by what I have said in Parliament - that there has been no dilution of our position in this regard.

An interpretation has been sought to be given that the Statement says that we will continue to engage in a composite dialogue whether Pakistan takes action against terrorism or not. This is not correct. The Joint Statement emphasised that action on terrorism cannot be linked to dialogue. Pakistan knows very well that with terrorism being such a mortal and global threat, no civilised country can set terms and conditions for rooting it out. It is an absolute and compelling imperative that cannot be dependent on resumption of the composite dialogue. In the Joint Statement itself, the two sides have agreed to share real-time, credible and actionable information on any future terrorist threats.

Madam Speaker, when I spoke to Prime Minister Gilani about terrorism from Pakistan, he mentioned to me that many Pakistanis thought that India meddled in

Balochistan. I told him that we have no interest whatsoever in destabilising Pakistan nor do we harbour any ill intent towards Pakistan. We believe that a stable, peaceful and prosperous Pakistan living in peace with its neighbours is in India's own interest.

